श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 275, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 31 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग हं क्ष

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## ईडी ने हलफनामा दिया: जेल में मसाज करवा रहे सत्येंद्र जैन



**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में मजे की जिंदगी जी रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी ने कोर्ट में एक हलफनामा और कुछ तस्वीरें देकर इसकी शिकायत की है। ईडी ने कहा कि सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में कई तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। जेल के सीसीटीवी फुटेज में उन्हें बैक और फुट मसाज कराते देखा गया है। जेल सुपरिन्टेंडेंट नियमों के खिलाफ जाकर सत्येंद्र जैन से मुलाकात करते हैं, वे उनसे पूछने जाते हैं कि जेल में मंत्री को कोई समस्या तो नहीं है।

**केस के आरोपियों संग सेल में करते हैं मीटिंगः** ईडी ने कहा कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर सत्येंद्र जैन के लिए रोजाना उनके घर से खाना मंगाया जाता है। उनकी पत्नी पूनम जैन अक्सर उनसे मिलने सेल में आती हैं, जो गलत है। वे केस के अन्य आरोपियों के साथ अपनी सेल में घंटों मीटिंग करते हैं। यह केस की जांच के लिए सही नहीं है। सत्येंद्र जैन जेल मंत्री होने का गलत फायदा उठा रहे हैं। तिहाड़ प्रशासन ने बताया कि ईडी ने आप नेता सत्येंद्र जैन की सेल और वार्ड की सीसीटीव फुटेज मांगी थी, जो एजेंसी को मुहैया करवा दी गई हैं। सत्येंद्र जैन के सेल में बाहर से कोई नहीं आता। सुबह जब कैदियों की गिनती के लिए सेल खुलती है, उस वक्त वार्ड में मौजूद सभी कैदी एक-दूसरे से बात कर सकते हैं। इसी दौरान सत्येंद्र केस के अन्य आरोपियों से मीटिंग करते हैं। जेल प्रशासन ने सेल में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट होने से इनकार किया है।

**सत्येंद्र जैन पर आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपः** ईडी ने सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग केस में 30 मई को गिरफ्तार किया था। वे 154 दिन से तिहाड़ जेल में हैं।

आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैन, उनकी पत्नी पूनम और अन्य पर केस दर्ज किया गया है।

## 'विमानों का प्रमुख उत्पादक बनेगा भारत'




**वडोदरा/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'मेक-इन-इंडिया' और 'मेक-फॉर-वर्ल्ड' दृष्टिकोण वाला भारत अपने सामर्थ्य को और बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में दुनिया के यात्री विमान भी भारत में ही बनेंगे और उन पर मेड इन इंडिया लिखा होगा। प्रधानमंत्री रविवार को गुजरात के वडोदरा में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लिए सी-295 परिवहन विमान विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत अब परिवहन विमानों का प्रमुख उत्पादक बनेगा। आज भारत में इसकी शुरूआत हो रही है। ऐसा अनुमान है कि आने वाले 10-15 वर्षों में भारत को 2000 से अधिक यात्री और मालवाहक विमानों की आवश्यकता होगी। भारत पहले से ही इस बड़ी मांग को पूरा करने की तैयारी कर रहा है। मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र दो महत्वपूर्ण स्तंभ होंगे। 2025 तक रक्षा निर्माण 25 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हम भारत को दुनिया का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। भारत आज अपना लड़ाकू विमान बना रहा है। हम टैंक और पनडुब्बी बना रहे हैं। यहां बने ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट से न सिर्फ हमारी सेना को ताकत मिलेगी, बल्कि देश में एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक नया इकोसिस्टम भी विकसित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होता एविएशन सेक्टर है। एयर ट्रैफिक के मामले में हम दुनिया के टॉप तीन देशों में पहुंचने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के सुनहरा मौका लेकर आया है।

### चुनिंदा देशों में शामिल होगा भारत

**इस** प्लांट के शुरू होने के साथ ही भारत एयरक्राफ्ट बनाने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा। इस लिस्ट में फिलहाल अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, इटली, स्पेन, यूक्रेन, ब्राजील, चीन और जापान शामिल हैं। एलाइड मार्केट रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री 45 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। भारत में टाटा-एयरबस के इस प्लांट से 2031 से विदेशों में भी सप्लाई शुरू हो जाएगी।

**डिफेंस एयरोस्पेस सेक्टर में पहली बार बड़ा इन्वेस्टमेंटः** पीएम ने कहा- ये पहली बार है कि भारत के डिफेंस एयरोस्पेस सेक्टर में इतना बड़ा इन्वेस्टमेंट हो रहा है। वडोदरा में बनने वाले ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट हमारी सेना को ही ताकत नहीं देंगे, बल्कि इससे एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग के लिए नए इकोसिस्टम का विकास होगा।

### '8 वर्षों में स्किल डेवलपमेंट पर फोकस किया'

**पिछले** 8 वर्षों में हमने स्किल डेवलपमेंट पर फोकस किया, उसके लिए एक माहौल तैयार किया। इन सभी बदलावों को आत्मसात करते हुए, आज मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत की विकास यात्रा इस पड़ाव पर पहुंची है। उन्होंने कहा कि आज का भारत, एक नए माइंडसेट, एक नए वर्क कल्चर के साथ काम कर रहा है। हमने काम चलाऊ फैसलों का तरीका छोड़ा है और निवेशकों के लिए कई तरह के प्रोत्साहन लेकर आए हैं। हमने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना लॉन्च की, जिससे बदलाव दिखने लगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने आज जिस विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखी है उसका उपयोग टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और एयरबस डिफेंस एंड स्पेस, स्पेन के सहयोग से भारतीय वायुसेना के लिए 40 सी-295 विमानों के निर्माण के लिए किया जाएगा।

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल की रनिंग



**हैदराबादः** तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा के 5वें दिन राहुल गांधी अलग ही अंदाज में नजर आए। रविवार सुबह जडचेरला में स्कूली बच्चे राहुल से मिलने पहुंचे थे। बात करते-करते राहुल ने दौड़ना शुरू कर दिया। साथ चल रहे बाकी लोगों ने भी उनके साथ दौड़ लगाई, लेकिन राहुल की रफ्तार इतनी तेज थी कि सिक्योरिटी और तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी पीछे छूट गए। राहुल से मिलने पहुंचे बच्चे भी उनकी स्पीड की बराबरी नहीं कर पाए। इसके बाद राहुल गोलापल्ली पहुंचे। वहां उन्होंने महिलाओं के साथ बथुकम्मा डांस किया। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने उनका साथ दिया। बथुकम्मा फेस्टिवल तेलंगाना की महिलाओं का स्थानीय त्योहार है। तेलुगु में बतुकम्मा का मतलब होता है, देवी मां जिन्दा है। इसे महिलाओं के सम्मान में मनाया जाता है।

**तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा का 5वां दिनः** तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा का 5वां दिन है। इसके 22 किमी का सफर पूरा करने की उम्मीद है। यात्रा के विराम पर शाम को राहुल सोलीपुर जंक्शन शादनगर में एक मीटिंग भी करेंगे।

## सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी देशों में भारत : प्रधानमंत्री मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सौर ऊर्जा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा में अपना भविष्य देख रही है जबकि भारत अपने सदियों पुराने पारंपरिक अनुभव को आधुनिक विज्ञान से जोड़ रहा है और आज सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने वाले अग्रणी देशों में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 94वें संस्करण को संबोधित करते हुए छठ पूजा के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 'सूर्य पूजा हमारी संस्कृति के प्रकृति से गहरे जुड़ाव का प्रमाण है। मोदी ने छठ को ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया, उन्होंने कहा कि यह त्योहार आज देश के विभिन्न हिस्सों में समुदायों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, छठ पूजा एक भारत, श्रेष्ठ भारत का एक बेहतरीन उदाहरण है। दिल्ली, मुंबई समेत महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों और गुजरात के कई हिस्सों में छठ का बड़े पैमाने पर आयोजन होने लगा है। विदेशों से भी छठ पूजा की कितनी भव्य तस्वीरें आती हैं।

### कांग्रेस का वादा गुजरात में संविदा कर्मचारियों को किया जाएगा पक्का

**नई दिल्ली।** कांग्रेस गुजरात में चुनाव जीतने पर पुरानी पेंशन योजना वापस लाएगी और संविदा कर्मचारियों को पक्का करेगी। राहुल गांधी ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस का संविदा कर्मियों को पक्की नौकरी, पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली और समय पर प्रमोशन का पक्का वादा है। राजस्थान में इसे लागू किया गया है। अब गुजरात में कांग्रेस सरकार बनते ही कर्मचारियों को उनका हक मिलेगा। उल्लेखनीय है कि गुजरात में जल्द ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है।

## दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी ने यमुना के पानी से किया स्नान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के यमुना घाट पर शुक्रवार को पश्चिमी दिल्ली के भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी संजय शर्मा के बीच यमुना में केमिकल डालने को लेकर नोकझोंक हूई। जिसके बाद अधिकारी संजय शर्मा के द्वारा प्रवेश वर्मा के खिलाफ दिल्ली के कालिंदी कुंज थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं अधिकारी संजय ने यमुना के पानी से स्नान कर दिखाया कि केमिकल डालने के बाद यमुना के पानी में कोई दुष्प्रभाव नहीं हुआ है। दिल्ली जल बोर्ड के डायरेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि जब से हम लोग यमुना में झाग को कम करने के लिए केमिकल डाल रहे हैं, तभी से हम यमुना के पानी का सैंपल ले रहे हैं और उसको जांच के लिए लैब में भेज रहे हैं। जांच के बाद यह प्रमाण सामने आया है कि केमिकल डालने के बाद यमुना के पानी में कोई दुष्प्रभाव नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस केमिकल के डालने के बाद मछलियों में और इंप्रूवमेंट आई है। उन्होंने कहा कि यमुना के पानी में केमिकल डालने के बाद कोई दुष्प्रभाव नहीं हुआ है बल्कि यमुना साफ हुई है।

## 4 विधायकों को 100 करोड़ ऑफर हुआ: केसीआर



**हैदराबादः** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने भाजपा पर अपने विधायकों को खरीदने का आरोप लगाया है। उन्होंने रविवार को भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा- दिल्ली के दलाल हमारे विधायकों को रिश्वत देकर खरीदने का काम कर रहे हैं। तेलंगाना के एक फार्महाउस में हमारे 4 विधायकों को 100 करोड़ रुपए की पेशकश की गई, लेकिन केसआर के विधायक बिकने वाले नहीं। के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) रविवार को मुनुगोड़े में एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां 3 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। उन्होंने कहा- हमारे विधायकों ने रिश्वत नहीं ली। उन्होंने ऑपरेशन लोटस के बारे में पुलिस को सूचना दी थी। हमारी सरकार को गिराने के लिए भाजपा हमारे 20- 30 विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही है। इधर, तेलंगाना सरकार ने राज्य में सीबीआई की एंट्री पर भी सख्ती कर दी है। एजेंसी को राज्य में किसी मामले की जांच के लिए सरकार की परमिशन लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

पीएम से बड़ा कोई पद नहीं, सरकारें क्यों गिरा रहेः केसीआर ने कहा- ये लोग बोलते हैं कि वे तेलंगाना पर कब्जा करना चाहते हैं। मैं किसानों से कहना चाहता हूं कि हमें सावधानी से मतदान करना चाहिए। ऐसी राजनीति की वजह से हम रिश्वत लेने के धोखे में नहीं आ सकते। मैं भाजपा के लोगों से पूछना चाहता हूं कि यह क्रूरता क्यों? आप और कितनी पावर चाहते हैं। आप पहले ही दो बार चुने जा चुके हैं, फिर आप सरकारों को क्यों गिरा रहे हैं?

## सिद्धू मूसेवाला के पिता का पंजाब सरकार को अल्टीमेटम

**लुधियानाः** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने रविवार को एक सभा के दौरान कहा कि मूसेवाला की हत्या हुए 5 महीने का समय हो चुका है, लेकिन सरकार से इंसाफ नहीं मिल रहा। मुझे कानून पर भरोसा था, इसी कारण अभी तक कहीं कोई धरना आदि नहीं दिया, लेकिन अब सरकार सुनवाई नहीं कर रही। मूसेवाला ने अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में रहने की बजाए अपने देश में रहने का फैसला किया था, लेकिन पंजाब में गैंगस्टरों ने जाल बुनने शुरू कर दिए और उसे शिकार बना लिया। बलकौर सिंह ने कहा कि यदि 25 नवंबर तक इंसाफ न मिला तो वह बेटे शुभदीप मूसेवाला के कत्ल की एफआईआर डीजीपी से बात कर- के वापस ले लेंगे। जिस रास्ते पर मेरा बेटा गया मैं भी उसी रास्ते पर जाऊंगा। मूसेवाला के पिता ने कहा कि एनआईए भी अब उन लोगों को सम्मन कर रही है जो सिद्धू के हक में खड़े हैं। सिद्धू का मोबाइल, पिस्टल व अन्य सामान एनआईए के पास ही है जैसे मर्जी चैक करे। मूसेवाला का गैंगस्टरों के साथ कोई रिश्ता नहीं है, लेकिन एजेंसियां उसका नाता गैंगस्टरों से जोड़ने पर तुली है।

## चीन सीमा की बर्फीली पहाड़ियों पर 'जमने' को सैनिकों की तैयारियां पूरी



**नई दिल्ली। लद्दाख** सरहद पर चीनी सेना से मोर्चे के लिए भारतीय सेनाओं की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वायुसेना के परिवहन विमानों से सैनिकों की जरूरत का सामान लेह-लद्दाख पहुंचा दिया गया है। आने वाले दिनों में बर्फबारी से रास्ते बंद होने से पहले भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं से लदे ट्रक लेह-लद्दाख पहुंच चुके हैं। हालांकि इससे पहले ठंड के दिनों में सड़कों को छह महीने के लिए बंद कर दिया जाता था लेकिन अब इस अवधि को घटाकर 120 दिन कर दिया गया है। सैनिकों के लिए सामानों का स्टॉक करने में लगे सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि भारत एलएसी पर लम्बी तैनाती नहीं चाहता लेकिन अब ऐसी स्थिति बन रही है तो हम भी उसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। आने वाले दिनों में बर्फबारी और भीषण ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सेना ने पर्याप्त मात्रा में आवश्यक वस्तुओं का स्टॉक कर लिया है। चीन सीमा की अग्रिम चौकियों तक जरूरी हथियार, राशन और साजो-सामान पहुंचाने के लिए वायुसेना के परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर और अमेरिकी हेलीकॉप्टर चिनूक को लगाया गया है। सी-17 ग्लोब मास्टर से सर्दियों के कपड़े, टेंट, हीटिंग उपकरण और राशन लेह-लद्दाख लाया गया है। भारतीय सेना के लोकेशन पर भेजे गए टेंट माइनस 50 डिग्री तक तापमान को झेलने की क्षमता रखते हैं। भारतीय सेना के राशन गोदाम एलएसी माउंट पर भरे हुए हैं। लेह में सेना का ईंधन डिपो तेल टैंकर लाइन से भरा हुआ है। सेना ने राशन, गरम कपड़े, उच्च ऊंचाई वाले टेंट और ईंधन का भी बड़े पैमाने पर स्टॉक कर लिया है। फ्रंटलाइन पर तैनात हर जवान को अत्याधुनिक शीतकालीन कपड़े और तंबू दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों को स्पेशल राशन दिया जाता है। दरअसल अत्यधिक ऊंचाई पर तैनात सैनिकों को ज्यादा भूख नहीं लगती लेकिन उन्हें सही पोषण और जरूरी कैलोरी देने के लिए हर दिन 72 आइटम दिए जाते हैं, जिसमें से वह अपनी पसंद की चीज चुन सकते हैं।

## गुजरात में केजरीवाल के अभियान पर खर्च हो रहा है पंजाब का धनः अमित



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने पिछले महीने 2 करोड़ से अधिक रुपये केवल फेसबुक प्रचार पर खर्च किए हैं और इसमें से अकेले 69 प्रतिशत गुजरात के लिए खर्च किए गए हैं। अमित मालवीय ने पंजाब के सरकारी पेज के हवाले से यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर से 27 अक्टूबर के बीच पंजाब सरकार की ओर से 2.27 करोड़ रुपये फेसबुक प्रचार पर खर्च किये गये हैं। इसमें से 1.58 करोड़ लगभग 69 प्रतिशत गुजरात को लक्षित कर खर्च किया गया है। मालवीय ने पूछा है कि पंजाब का गुजरात में केजरीवाल के अभियान का खर्च पंजाब की जनता क्यों उठा रही है।

**खबर संक्षेप**

## फौजी के शव का पोस्टमार्टम कल, कोलकाता से पहुंचा था प्रयागराज

**प्रयागराज।** साउथ मलाका स्थित एक होटल में मृत मिले फौजी का रविवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। पुलिस ने बताया कि गुजरात निवासी बहेचर सिंह (35) पुत्र वक्तु सिंह सोलंकी सेना में जवान था। उसकी तैनाती कोलकाता में थी। वहां से उसका प्रयागराज यूनिट में ट्रांसफर हुआ था। वह इन दिनों छुट्टी पर था।फौजी बेहचर सिंह ने 28 अक्तूबर को साउथ मलाका स्थित आदूस कॉटेज होटल में कमरा लिया था। शनिवार रात वह कमरे में मृत मिला था। उसने खून की उल्टी की थी। गुजरात से उसके परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मिलिट्री पुलिस ने भी इस प्रकरण की जानकारी एकत्र की है।

# यमुनापार के 1558 बूथों पर कार्यकताओं ने सुना प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

### शंकरगढ़ के निकाय चुनाव में एक जुट होकर शत प्रतिशत कमल खिलाने की जताई प्रतिबद्धता

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' पार्ट-2 के 94 संस्करण के जरिये देशवासियों को संबोधित किया। जिसे भाजपा कार्यकताओं द्वारा शंकरगढ़ नगर पंचायत में सुनकर आगामी संगठनात्मक कार्यो पर बैठक कर नगर निकाय चुनाव में प्रत्येक वार्ड में कमल खिलाने का संकल्प लिया।

यमुनापार के शंकरगढ़ में जिला संयोजक व जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने नामित पार्षद सुधा गुप्ता के संस्थान में दर्जनों कार्यकताओं संग मन की बात को सुना। मुख्य वक्ता दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते है देश के युवा आत्मनिर्भर बने। देश के विकास में युवाओं की सहभागिता हो। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के युवाओं के प्रतिभा को सामने रखकर प्रेरणा देते है। छठ पर्व के शुभकामनाएं के साथ प्रधानमंत्री मोदी सूर्य के शक्ति से पैसे बचाने के साथ रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। भारत के युवा जो देश के लिए कार्य कर रहे हैं उसकी प्रशंसा किया। भारत की सेटेलाइट की उपलब्धियों पर विश्व भी आश्चर्य चकित है। हम सबको भी इससे प्रेरणा लेकर कुछ ऐसा करना चाहिए कि अगली बार प्रधानमंत्री के मन की बात में प्रयागराज का नाम भी जुड़ सके और हम सब गौरवान्वित हो सके। आगामी नगर निकाय में कमल खिलाने के लिए सभी को एक जुट रहकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल ने करते हुए सभी का आभार जताया। स्वागत नामित सभासद सुधा गुप्ता ने किया। संचालन सभासद व मंडल महामंत्री सुजीत केसरवानी ने किया। इस अवसर पर जिला आईटी संयोजक सतीश विश्वकर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, मसुरियादीन वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार मिश्र,प्रांजल केसरवानी, सोमनाथ वर्मा,दीपक केसरवानी,राज कुमार सिंह, सुभाष,भीमा, हरिश्चंद्र वर्मा,वंटी,प्रमिला सोनी, शालिनी श्रीवास्तव, नेहा सिंह, सरिता केसरवानी,मंजू केसरवानी आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।






## करंट से महिला की मौत, ससुरालियों पर हत्या का लगाया आरोप

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोहना में शनिवार रात करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। वही मायके वाले ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा रहे है। कोहना निवासी मुज्जमिल खान की पत्नी सितारा बेगम 32 शनिवार रात करंट की चपेट में आ गई। रात में सितारा बेगम का 11 वर्षीय बेटा अल्तमश अपनी माँ को जमीन पर गिरा देख परिजनों को उठाया। आनन फानन में महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुचे छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह ने शव को पीएम के लिए भेजा। वही सितारा बेगम की मौत की सूचना पर मिजार्पुर से पहुचे मायके वाले ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। लोगो की माने तो मुज्जमिल खान की भी मानसिक हालात ठीक नही है।

**न्यूज झरोखा...**

## थाना प्रभारी कोरांव ने आईजी प्रयागराज को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

### अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घघाटन करने पहुंचे आईजी डॉक्टर राकेश सिंह



**रत्योरा।** कोरांव क्षेत्र के रत्योरा मोड़ पर स्थित उर्मिला हास्पिटल के संचालक डॉ आशीष कुमार यादव के द्वारा शांति अल्ट्रासाउंड सेंटर खोला गया है।जिसका उद्घघाटन करने पहुंचे रविवार को प्रयागराज जनपद के आईजी डाक्टर राकेश सिंह बतौर मुख्य अतिथि ने किया। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में राजधानी लखनऊ के डीआईजी लल्लन सिंह भी उपस्थित रहे।थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह कोरांव ने आईजी प्रयागराज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने समोधित करते हुए कहा कि जनपद मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित इस क्षेत्र में अब लोगों को उपचार की सुगमता के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड की जांच की भी सुविधा मिल सकेगी । इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों को बेहतर उपचार की सुगम मुहैया कराने के लिए उन्होंने उर्मिला हॉस्पिटल के संचालक डॉ आशीष कुमार यादव को बधाई दी ।देते हुए कहा कि निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों को शांति अल्ट्रासाउंड सेंटर से लाभान्वित होंगे। क्षेत्राधिकारी मिर्जा विमल किशोर मिश्र ने कहा कि पिछड़ा क्षेत्र में अस्पताल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर खोलने के लिए अस्पताल संचालक को बधाई देते हुए आईजी प्रयागराज डॉ राकेश सिंह का स्वागत किया। इसी क्रम में आयोजन मंडल के लोगों ने आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। उर्मिला हॉस्पिटल व शांति अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक आशीष कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन साहब लाल कुशवाहा ने किया उद्धाटन समारोह में भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## कवि सम्मेलन : "बहुत खूबसूरत थीं बचपन की यादें, चहकते थे दिन और हंसती थीं रातें"



**जंघई।** आदर्श रामलीला कमेटी पतवां प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन कार्यक्रम संयोजक कवि कमलेश कुमार पांडेय कमल द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न कवियों द्वारा एक से बढ़कर एक कविता प्रस्तुत किया गया।आयोजक कमलेश कुमार पांडेय द्वारा "बहुत खूबसूरत थीं बचपन की यादें, चहकते थे दिन और हंसती थीं रातें" सहित तमाम कविता प्रस्तुत की गई। कवियों में अजय प्रेमी, लालजी देहाती, राजकुमार अंजाना, हुमा अक्सीर, सुशील शुक्ल हर्ष, अशोक अग्रहरि, अली इलियास, रवि शंकर विद्यार्थी, आलोक सिंह, विपिन बिहारी, प्रतिमा मिश्रा, जगदीश श्रीवास्तव एवं ग्रामीणों में मुन्ना नेता अध्यक्ष आदर्श रामलीला कमेटी, रामचंद्र पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय, ज्ञानचंद्र पाण्डेय, विनोद कुमार पाण्डेय, सुशील कुमार (नन्हे) पाण्डेय, संतोष कुमार पाण्डेय, श्रीकांत पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, गोलू, रोहित पाण्डेय, अनिल यादव, अविनाश, आकाश, अमन आदि लोग मौजूद रहे।



घूरपुर के इरादतगंज गांव के यमुना घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करती सुहागिन महिलाएं

## डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सुहागिनों ने पति की दीघार्यु की कामना की

**घूरपुर।** रविवार की सायंकाल घूरपुर के इरादतगंज और देवरिया सुजावन देव यमुना घाट पर ढलते सूरज के साथ भारी संख्या में महिलाओं ने सूर्य भगवान को अ?र्घ्य देकर छठ पूजा की शुरूआत की। महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। दोनों यमुना घाटों पर मेले जैसे माहौल दिखाई दिया। महिलाओं ने सूर्य भगवान से पति की दीघार्यु के साथ धन-धान्य व जीवन में सुख की मनोकामना की। नहाय खाय की परंपरा के साथ छठ पूजा की शुरूआत की गई। छठ व्रतियों ने सुबह स्नान कर आहार ग्रहण किया व जिसके बाद शाम को सूर्यास्त के समय यमुना घाट पर स्नान कर सूर्य देव को प्रथम अ?र्घ्य देकर पूजा की शुरूआत की। महिलाएं रात भर जागरण करेंगी। जिसके बाद सोमवार को उगते सूर्य भगवान को अ?र्घ्य देकर पूजन विधि को पूरा करेंगी। महिलाओं की आस्था है कि इस पूजा से सूर्य भगवान की असीम कृपा प्राप्त होती है। सूर्य देव की उपासना से धन, मनवांक्षित पति, पुत्र व सुख की प्राप्ति होती है। यमुना घाट पर डीजे पर छठ गीतों की धुन भी बजती रही। बच्चों ने पटाखे फोड़े। घाट पर महिलाओं के साथ परिवार के सदस्य व पास पड़ोस के लोग छठ पूजा देखी। छठ पूजा को लेकर घर के सदस्यों में काफी उत्साह है। घर से घाट तक श्रद्धालुओं ने सिर पर पूजा के सामान लेकर श्रद्धा भाव से मंगलगीत गाते हुए पहुंचे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत

अखंड भारत संदेश

### ग्रामीणों व परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र के कोहड़ार में अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय मासूम की मौत हो गई। सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस अगली कार्रवाई में जुटी हुई है। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने शव रख चक्काजाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के कोहड़ार घाट (पुराना डी) निवासी राम मोहन का चार वर्षीय बेटे को कोहड़ार इसौटा मोड़ के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया जिससे मौके पर ही बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था कि अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने शव रख चक्काजाम कर दिया। सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस लोगों को समझाने बुझाने का काम कर रही है।

# स्वावलंबी महिलाओं से ही देश बनेगा आत्मनिर्भर : वंदना सिंह

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** ग्रामीण क्षेत्र के हमारी होनहार उत्सुक एवं जागरूक बेटियां एवं महिलाएं जब आत्मनिर्भर होंगी तभी परिवार व देश की तरक्की होगी। इसलिए महिलाओं का स्वावलंबी होना बहुत जरूरी है। उक्त बातें पहल संस्था की अध्यक्ष वंदना सिंह ने संस्था द्वारा विकासखंड सहसों क्षेत्र के ग्राम सभा रामनाथ पट्टी देवनहरी में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र के उद्घाटन के अवसर पर कही। फीता काटकर और विधि विधान से पूजा के साथ इस प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया। वंदना सिंह ने कहा संस्था महिलाओं के उत्थान और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। उसी कड़ी में पहल संस्था ने यहां सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र खोला है। यहां प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा महिलाओं और लड़कियों को निःशुल्क सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। उन्होंने संस्था की तरफ से दो सिलाई मशीन प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि यहां की बालिकाओं और महिलाओं की मांग थी कि उन्हें सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दे दिया जाए तो वह स्वयं का काम तो कर ही लेंगी उनके लिए स्वरोजगार का माध्यम भी बन जायेगा।इससे यहां कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद भी मिलेगी। इसी को ध्यान में रखकर इस केन्द्र की स्थापना किया गया है। गांव में प्रशिक्षण केन्द्र के खुलने पर बालिकाओं और महिलाओं ने हर्ष व्यक्त किया और पहल संस्था की अध्यक्ष वंदना सिंह के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रशिक्षक ऊषा पाल ,सुमन कुमारी,विभा,पूनम पाल,मंजू देवी, गायत्री पाल, अनुपमा, गुड़िया,प्रीती, रानी देवी, रमरज्जी, लीलावती आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

### पहल संस्था ने खोला सिलाई,कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र



प्रशिक्षण केन्द्र में निःशुल्क सिलाई मशीन एवं ग्रामीण महिलाओं के साथ वंदना सिंह।



## इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 2 छात्रों की डेंगू से मौत, कुछ दिन पहले रिपोर्ट आई थी पॉजिटिव

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के 2 छात्रों की डेंगू से मौत हो गई। 24 घंटे में 2 छात्रों की मौत से हड़कंप मच गया है। अभिषेक कुमार पटेल और अंकित कुशवाहा बीए फाइनल वर्ष के छात्र थे। अभिषेक का उपचार मेदांता लखनऊ में चल रहा था, जबकि अंकित कुशवाहा प्रयागराज के विनीता हॉस्पिटल में एडमिट थ। कुछ दिन पहले इन्हें बुखार हुआ था और जांच में डेंगू की पुष्टि हुई थी। लगातार प्लेटलेट्स घटने के चलते उनकी जान चली गई।

# भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ भागवत कथा






अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के चंदौहां गांव में रविवार को पंडित यज्ञ नारायण द्विवेदी के संयोजन में सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रारंभ में कथा व्यास डॉक्टर विशुद्धानन्द ब्रह्मचारी जी महाराज की अगुवाई में वैदिक मंत्र उच्चारण से पूजित कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर यात्रा में उपस्थित भक्त महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाते हुए गांव के विभिन्न गलियों से होकर सुंदर मनोहरी आधुनिक वाद्य यंत्रों से भक्ति मय भजनों के साथ यज्ञ मंडप पर समाप्त हुई। भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास डॉक्टर विशुद्धानन्द जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य को बताते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। कलयुग केवल नाम अधारा... कलियुग में भगवान नाम स्मरण एवं कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथा व्यास ने कहा इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं। श्रीमदभागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति की प्राप्ति होती है। मनुष्य को समय निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा व्यास ने कहा बच्चों को संस्कारवान बनाकर सत्संग कथा के लिए प्रेरित करें। कलियुग में श्री मदभागवत साक्षात श्रीहरि का स्वरूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान पंडित यज्ञ नारायण द्विवेदी एवं श्रीमती जयन्ती द्विवेद्वी ने व्यासपीठ तथा आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर सत्यनारायण दिवेदी, सुरेश कुमार द्विवेदी, रमेश कुमार द्विवेदी, विनोद, दिनेश, संतोष, ब्रह्मदेव, संजय, देवी कुमार, विजय, नीरज, हर्देश, बृजेश, प्रकाश, अजय, देवदत्त, श्रीशदत्त, मयंक, शशांक, मनीष, अमित, नितिन, अनुज, शुभम, अनमोल, मिलन, अनुकूल, दिवस, आर्यन, प्रियांशु , प्रकल्प, अर्पित, अखंड प्रताप सिंह, राजेश कुमार द्विवेदी, राज कुमार सिंह सहित क्षेत्र के भारी संख्या में श्रोता भक्तों ने कथा का रसपान किया।

# चोरों ने दीवार काटकर छः लाख के आभूषण उड़ाए



अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र के शिवपुरा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दीवार काटकर नगदी समेत छह लाख के जेवरात उड़ा दिए। और फरार हो गए। सुबह जब घर के सदस्यों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। घर से करीब सौ मीटर दूर बिखरे हुए सामान पड़े मिले। पीड़ित ने मेजा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर पर पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के शिवपुरा अमिलिया गांव निवासी वन्दना पाण्डेय पत्नी बालकृष्ण पाण्डेय शनिवार की रात अपने बच्चों के साथ खाना खाकर कमरे में सो गई। वहीं देर रात अज्ञात चोरों पीछे की दीवार काटकर घर में दाखिल हो गए। चोरों ने बॉक्स में रखे आभूषण सोने का कंगन दो जोड़ी, चार आँगूठी, नथिया, बेदी, झुमका, बाला दो जोड़ा, एक मंगलसूत्र, एक चैन, एक जोड़ी छागल, पेटी, पायल दो जोड़ी, चार साड़ी, 28 सौ रुपए नगदी समेत कुल छह लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घर से सौ मीटर दूर नाले में मिला बक्शा वहीं रविवार की सुबह जब घर के लोग उठे तो चोरी की करतूत देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। इसकी मेजा पुलिस को सुचना दी गई। उधर घर से सौ मीटर दूर नाले के बगल में बाक्स सहित बिखरा सामान पड़ा मिला। पुलिस कर रही मामले की जांच पीड़ित वंदना पाण्डेय ने मेजा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस भी मामले की गहराई से जांच पड़ताल में जुट गई है।

## आठ बोरा चोरी के धान के साथ तीन गिरफ्तार भेजे गये जेल

**मऊआइमा।** घर के बाहर रखा आठ बोरा धान चोरी हो गया था। पुलिस ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरादयाराम निवासी सतीश कुमार पुत्र बृजमोहन का खेत से आया आठ बोरा धान चोरी हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लग गई। आठ बोरा धान के साथ पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम दिनेश कुमार पुत्र लालता प्रसाद ग्राम बाहर थाना सोरांव ,दूसरे ने अपना नाम धर्मराज पुत्र दिनेश कुमार ग्राम चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा तीसरे ने अपना नाम राजा भारतीय पुत्र उमाशंकर ग्राम नशरतपुर सोरांव बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।



## युवक के फांसी लगाने पर 11 के खिलाफ केस

**प्रयागराज।** कीडगंज में एक युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। उसको गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। इस प्रकरण में युवक की मां ने 11 के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराया है।पुलिस को बताया कि कुछ माह पहले उसकी बहू एक युवक के साथ भाग निकली। उसने तीन साल की बेटी को घर पर छोड़ दिया। इस मामले में बहू के मायके वालों से शिकायत की गई थी। कुछ दिन पहले उसका बेटा मछली मारने यमुना किनारे गया था। वहां पर आरोपियों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इससे आहत होकर उसके बेटे ने घर में आकर फांसी लगा ली। लेकिन परिजनों ने देख लिया और अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई।

# भरत मिलाप के साथ दशहरा उत्सव का हुआ समापन
## दिव्य एवं आकर्षक झांकियों को देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

अखंड भारत संदेश

**करछना।** स्थानीय करछना बाजार में अपनी पूर्व की परंपरा के अनुसार गांव की रामलीला की शतायु होने के बाद श्री रामलीला कमेटी करछना द्वारा दो दिवसीय भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन शनिवार देर रात संपन्न हुआ। मेले के दूसरे दिन रंग बिरंगी लाइट और झालरों से सजे दशहरा मेले में तरह-तरह की दुकानें भी सजाई गई थी जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर लाई,मिठाई,गुब्बारे पकवान और तरह तरह की चीजों की खरीदारी की। इस दौरान राम दरबार और रावण,अहिरावण की चौकियों के अलावा कोरोनावायरस पर केंद्रित भव्य चौकी और नुक्कड़ प्रदर्शन को देखकर लोग आकर्षित होते रहे। मेले के दूसरे दिन मंच पर पहुंचे चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने मौजूद दर्शकों के बीच अपनी हास्य कविताओं पर जमकर ठहाके लगवाए।उन्होंने दरोगा भौजाई और मोलई के विआह जैसी अवधि बोली की रचनाओं पर खूब तालियां बटोरी। कभी जीतेंद्र जलद ने राष्ट्रप्रेम की रचनाएं प्रस्तुत की तो वही विपिन सिंह परिहार ने श्रीराम के चरित्र और मयार्दाओं का पाठ पढ़ाने वाली रचना पर खूब वाहवाही बटोरी। डॉक्टर वाई पी सिंह ने भी अध्यात्मिक रचना प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर किया। कवियों को भाजपा के वरिष्ठ नेता सुबोध सिंह ने मंच पर सम्मानित भी किया। मेले के समापन पर मुख्य आकर्षण रहे भरत मिलाप के अद्भुत दृश्य को देखकर भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए भक्तों की भीड़ ने राम दरबार चौकी का भव्य स्वागत कियाऔर मंच पर रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने भगवान राम समेत भरत,लक्ष्मण ,सीता हनुमान जी की दिव्य आरती की।उधर साउंड कंपटीशन के दौरान देश प्रेम से ओतप्रोत गीतों की गूंज ने मेले में चार चांद लगा दिया।शांति व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक करछना, चौकी इंचार्ज पनासाऔर पुलिस टीम बराबर गश्त लगाती रही। प्रभारी निरीक्षक द्वारा भी राम दरबार की आरती कर पुण्य लाभ लिया गया। मेले में निकाली गई सभी चौकी के निर्देशकों को आयोजकों की टीम ने शील्ड और सम्मान पत्र देकर के सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख राजू सिंह,बार एसोसिएशन के मंत्री हंसराज सिंह,डी.आर सिंह,लाल दिवाकर सिंह,अभिषेक सिंह पिंटू,के.के. मिश्रा,आनंद सिंह,वेदश्रीवास्तव,रिंकू सिंह, वीरू सिंह,डॉ.सौरभ,क्षितिज तिवारी,राजीव सिंह, कुलदीप मिश्रा अभिषेक सिंह समेत रामलीला कमेटी के पदाधिकारी कलाकार,क्षेत्रीय गणमान्य जन और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ से ज्यादा की ठगी, फर्म के चार लोग नामजद

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुए भुक्तभोगी पवन कुमार यादव ने ट्रेडिंग फर्म के चार लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। भुक्तभोगी की ओर से पुलिस को तहरीर देकर बताया गया है कि पीडी टंडन मार्ग कानपुर रोड पर आरडीएम ट्रेडर्स व आरडीएम कंसल्टेंसी के नाम से फर्म है। आरोप है कि यहां ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश कर बढ़ी रकम वापस करने का दावा किया जाता है। लखनऊ में भूखंड लेने के लिए उसकी ओर से भी आरटीजीएस व अन्य माध्यमों से एक करोड़ से ज्यादा की रकम जमा करा दी गई। बाद में भूखंड विवादित होने की जानकारी मिलने पर उसने रकम वापस मांगी। जिस पर उसे अलग-अलग चेक दिए गए। लेकिन यह सभी बाउंस हो गए। आरोप है कि बाद में पता चला कि उक्त लोगों दोगुना करने के नाम पर रकम हड़प लेते हैं। जब भी वह रकम वापस मांगता है तो फर्म के शुभम राजा, रजत, विक्की मौर्य व रमेश चंद्र वर्मा खुद को एक राजनीतिक दल का नेता बताकर धमकी देते हैं। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# संगम पर सूर्योपासना के लिए उमड़ा जन सैलाब

## अस्ताचलगामी सूर्य को प्रथम अर्घ्य



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम पर रविवार की शाम छठ पर्व की छटा सूयोर्पासना के लोकोत्सव के रूप में निखर कर हर किसी को निहाल कर गई। ढोल नगाड़े की गूंज के बीच गंगा जल के बीच खड़ी व्रती महिलाओं ने अखंड सुहाग, संतान और समृद्धि की कामना से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।संगम से लेकर किला घाट तक कतारबद्ध वेदियों पर सौभाग्य का डाला सजाने के लिए दोपहर बाद से ही व्रती महिलाओं की भीड़ लगने लगी। पूजा के बाद सिर पर फलों, फूलों और पकवानों के प्रसाद से भरा डाला लेकर परिजन घरों से निकले। नए परिधानों में सज धज कर व्रतियों की भीड़ इसी तरह घाटों पर पहुंचती रही। वहां वेदियों पर गन्ने के मंडप के बीच दीप जलाकर भगवान भास्कर की आराधना शुरू हो गई।माथे पर अखंड सौभाग्य के रूप में सिंदूर का टीका लगाकर व्रती महिलाएं सूर्यास्त की प्रतीक्षा करती रहीं। रविवार की शाम सर्व मंगल की कामना के लिए गंगा-यमुना के तटों पर आस्था का सैलाब उमड़ा तो कुछ देर के लिए भक्ति का सागर इसी तरह उमड़ने-घुमड़ने लगा। भगवान भास्कर के अस्त होने से पहले ही संगम पर ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ आतिशबाजी होने लगी और डूबते सूर्य को अपनी-अपनी कामनाओं के अर्घ्य समर्पित किए जाने लगे।षष्ठी मइया की आराधना की गीतों के साथ लोक उत्सव की छटा निहारने के लिए तांता लगा रहा।इसी तरह रामघाट, दशाश्वमेध घाट, शंकर घाट के अलावा अरैल और झूंसी में भी गंगा-यमुना के तटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रतियों की भीड़ लगी रही। एक तरफ अर्घ्यदान और दूसरी ओर ढोल-नगाड़ों पर व्रतियों के परिजन थिरकते नजर आए। तटों पर हर तरफ उत्सवी माहौल रहा।





### संगम पर टेंट लगाकर व्रतियों ने परिजनों के साथ वेदियों पर किया कैंप

सूर्य षष्ठी की आराधना के लोकोत्सव संगम पर भक्ति के रंग में खूब गाढ़ा हुआ। रविवार की शाम प्रथम अर्घ्य देने के बाद बड़ी तादाद में व्रती महिलाएं अपनी वेदियों पर अखंड दीप जलाकर रात भर आराधना में जुटी रहीं। इस दौरान जगह-जगह टेंट लगाकर व्रतियों ने परिजनों के साथ वेदियों पर कैंप किया। रात भर छठ माता की स्तुति होती रही और मंगल कामना के गीत गूंजते रहे।

### छठ घाटों पर गूंजे छठी मईया के गीत

सूर्य उपासना के पर्व छठ पर रविवार की शाम महिलाओं ने अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। खरना के बाद शुरू हुए 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत के दौरान महिलाओं ने परिवार के आरोग्य एवं समृद्धि की कामना की। इसके लिए कोरांव गांधी चौराहे के पास, देवीबांध, नीबी मरहला, लेड़ियारी में व्रतियों ने पानी में घंटों खड़े रहकर सूर्यदेव की साधना की। यहां पूजन स्थल पर जरूरी इंतजाम किए गए थे। घाटों पर छठी मईया की भक्ति के गीत गूंजे। इसी घाट पर सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही चार दिन के महापर्व का समापन होगा।

### रुद्रा संगम सोसायटी में स्वीमिंग पूल में किया गया छठ पूजन

सरायनायत स्थित रुद्रा संगम सोसायटी में व्रती महिलाओं ने स्वीमिंग पुल के पानी में खड़े होकर डाला छठ का पूजन किया। रुद्रा संगम की अंतःवासी महिलाओं ने पूजन से पहले स्वीमिंग पुल की सफाई भी कराई थी। रविवार की शाम को यहां रहने वाली व्रती महिलाओं ने पूरी आस्था और विधि विधान के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके पहले शनिवार को खरना पर आंगन में ईंट या मिट्टी निर्मित चूल्हे पर लकड़ी के ईंधन से शुद्ध घी में ठेकुआ प्रसाद तैयार किया गया था। इसके बाद फलों को साफकर दउरी व सूप में सजाकर अखंड ज्योति जलाई गई। आज दोपहर में व्रती महिलाएं हाथ में दिए और पुरुष सिर पर दउरी लेकर गीत गाते हुए स्वीमिंग पूल तक पहुंचे। छठ पूजा की व्रती महिला रेखा सिंह, सुनीता सिंह, प्रभा सिंह, आशा सिंह के साथ मीरा यादव, सावित्री सिंह, रेखा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

### पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने रखा छठ व्रत

महिलाओं ने पुत्र की लंबी आयु के लिए डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। मेजा के मंदिरों में भी महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई। पर्व को लेकर मेजा एसडीएम विनोद कुमार पांडेय, सीओ विमल किशोर मिश्र, मेजा थाने के इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर मिश्र इलाके में बने रहे। मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने भी छठ का व्रत रखा। उन्होंने कहा कि सूर्य से श्रृष्टि है। सूर्य ही जीवन है। छठ पर्व सूर्य की विराट प्रकाशमय चेतना के प्रति कृतज्ञता का उत्सव है।

# श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** क्षेत्र के गंगा घाटों पर छठ पर्व के तीसरे दिन भारी भीड़ रही। लोग अपने परिवार व परिचितों के साथ गंगा घाट पर पहुच विधि विधान पूजन अर्चन कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। गंगा घाट पर पहुंचे लोगों में छठ पर्व को लेकर गजब का उत्साह दिखा।

छतनाग घाट, सोहम आश्रम घाट पर दोपहर बाद श्रद्धालु सर पर टोकरी में पूजा का समान लिए बाजे गाजे के साथ छठ गीत गाते अपनी अपनी बेदी पर पहुचने लगे। लोगों का उत्साह देखते बन रहा था कही डीजे पर छठ के गीत पर लोग झूम रहे थे तो कही अतिशबाजी हो रही थी। व्रती महिलाओं ने पानी में उतर कर डूबता सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। छठ पूजा में शामिल मुकेश सिंह ने बताया कि महिलाएं छठ के दौरान कठोर उपवास कर रही है और अपने परिवार और बच्चों की भलाई, समृद्धि और प्रगति के लिए भगवान सूर्य और छठी मैया से प्रार्थना कर रही है। सोमवार को उगते सूर्य का अर्घ्य देकर छठ मईया की पूजा कर व्रती महिलाये अपना व्रत खोलेगी। छठ पूजा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए नगर निगम की टीम ने साफ सफाई की व्यवस्था की थी। वही समाजसेवी पूर्व जिला सदस्य शिवनरायन यादव उर्फ घुन्नु ने छतनाग घाट पर लाइटिंग, पानी आदि का प्रबंध कराया था। स्थानीय पुलिस भी गस्त करती नजर आई।



### अरैल में छठ पूजा को लेकर उमड़ी भक्तों की भीड़

**नैनी।** छठ मैया के पूजन के अवसर पर उमड़ी जनता पूर्वांचल महा समिति के संयुक्त तत्वाधान में पूर्वांचल पूजा समिति ने आज संगम तट पर विशेष रूप से सुविधा व्यवस्था जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के द्वारा किया गया था जिसमें पूर्वांचल महा समिति के अध्यक्ष अरुण यादव जी संरक्षक दयानंद पांडे विजय सिंह एसपी सिंह प्रमोद सिंह पप्पू सिंह आलोक आलोक सिंह हरेंद्र सिंह राजेश्वर सिंह अरुण यादव राजेंद्र तिवारी उर्फ बाबा पवन यादव जितेंद्र शर्मा बाबूजी यादव संजय श्रीवास्तव इस अवसर पर प्रयागराज की संसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी प्रयागराज की महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता करछना विधायक श्री पीयूष रंजन जी आदि प्रमुख रूप से मेले में उपस्थित रहे



### महाभारत काल से हुई थी छठ पर्व की शुरूआत

**मेजा रोड ।** थाना क्षेत्र के सिरसा गंगा घाट पर महिलाएं ने सूर्य देवता की पूजा अर्चना किया गंगा घाट पर गांजे बाजे के साथ धुम धाम से मनाया गया यह पर्व कार्तिक मास की अमावस्या को दिवाली मनाने के 6दिन बाद कार्तिक शुक्ल को मनाएं जाने के कारण इसे छठ कहा जाता है इस पर्व को सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके शुरू किया था। कहा जाता है कि कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों तक पानी में खड़े होकर उन्हें अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। इस मौके पर मेजा थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने अपने हमराहीयो के साथ मुस्तैद रहे।



### 16 लाख हड़पने में शाइन सिटी निदेशक भाइयों पर दो और केस दर्ज, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रयागराज।** हजारों करोड़ की ठगी के आरोपी शाइन सिटी निदेशक भाइयों राशिद व आसिफ नसीम पर 16 लाख हड़पने में दो और केस दर्ज किए गए हैं। कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइंस थाने में मुकदमे दर्ज हुए हैं। पहला मुकदमा राजभान पटेल निवासी डौलहा मेजा खास ने लिखाया है। उसने पुलिस को बताया है कि प्लॉट के नाम पर कंपनी निदेशकों ने शिवमहिमा कॉम्पलेक्स स्थित कार्यालय में 4.22 लाख रुपये लिए। लेकिन न प्लॉट दिया और न ही रुपये वापस किए। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तब उसने कोर्ट में गुहार लगाई। उधर ताहिरपुर झूंसी निवासी राजेंद्र प्रसाद गौतम ने आरोप लगाया है कि निवेश के नाम पर जसीम खान के जरिए उसने राशिद व आसिफ नसीम को कुल 12.51 लाख रुपये दिए। लेकिन समयावधि पूरी होने के बावजूद रकम नहीं लौटाई गई। सुनवाई नहीं होने पर उसने भी कोर्ट में गुहार लगाई। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शाइन सिटी से संबंधित मामलों की विवेचना आर्थिक अपराध शाखा कर रही है। ऐसे में जल्द ही मुकदमों से संबंधित दस्तावेज भेज दिए जाएंगे।

# भरद्वाज आश्रम के विस्तार में ध्वस्त होंगे 22 मकान, पीडीए ने 32 भू स्वामियों को दिया नोटिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पर्यटन की दृष्टि से भरद्वाज मुनि आश्रम के विस्तार की तैयारी शुरू हो गई है। लेकिन इसके कारण 33 भवन स्वामियों पर खतरा मंडराने लगा है। पीडीए की ओर से इनको नोटिस भेजा गया है। इसमें 22 मकानों को ध्वस्त किया जाना है। ऐसे में नोटिस मिलने के बाद से ही भवन स्वामी लगातार पीडीए के चक्कर लगा रहे हैं। कुंभ 2025 को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी के तहत भरद्वाज मुनि आश्रम के विस्तारीकरण का प्रस्ताव भी कुंभ की तैयारियों में शामिल किया गया है। पीडीए की तरफ से आश्रम के आसपास के मकानों को नोटिस भेजा गया है। नोटिस में भवन स्वामियों से 15 दिनों के भीतर भवन तोड़ने का निर्देश दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर पीडीए की तरफ से भवन को तोड़ दिया जाएगा और उसको तोड़ने में होने वाले खर्च को भी पीडीए वसूलेगा। नोटिस मिलने के बाद से ही भवन स्वामियों के होश उड़े हुए हैं। नोटिस की जद में आईं करूणा देवी ने बताया कि उनके पास भवन और जमीन की रजिस्ट्री के कागज हैं, लेकिन पीडीए के अधिकारी उनकी सुनने को तैयार नहीं हैं। इसी प्रकार शिव जी गोस्वामी, दरियावनाथ गोस्वामी, पकौड़ी नाथ गोस्वामी, लिलिन गोस्वामी, पवन गोस्वामी आदि को भी पीडीए की तरफ से नोटिस थमा दिया गया है। भवन स्वामियों का कहना है कि वह दशकों से इस मकान में रह रहे हैं। अचानक से भवन तोड़ने का नोटिस मिला है। जबकि उनके पास सभी जरूरी कागजात हैं।



उधर, पीडीए के अधिकारियों का कहना है कि ज्यादातर भवन नजूल की जमीन पर बने हुए हैं। उसका समय पूरा हो चुका है। ऐसे में पीडीए की ओर से नोटिस भेजा गया है। जिला प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। 33 भवन स्वामियों को नोटिस दिया गया है। इसमें 22 भवनों का ध्वस्तीकरण होना है।

**- अजीत कुमार सिंह, सचिव, पीडीए**

# फौजी के मौत का मामला : होटल में क्यों रुका था जवान दूसरे दिन भी नहीं पता चल सका, छानबीन जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** साउथ मलाका स्थित होटल आदूस कॉटेज में सेना के जवान बेछारा सिंह सोलंकी (35) की संदिग्ध हाल में मौत दूसरे दिन भी राज बनी रही। इस सवाल का जवाब नहीं मिल सका कि जब उसे तेलियरगंज स्थित बटालियन में ही ज्वाइन करना था तो वह होटल में क्यों रुका। उधर सूरत से उसके परिजन रविवार रात शहर पहुंचे। ऐसे में जवान के शव का पोस्टमार्टम सोमवार को कराया जाएगा। परिजनों ने बताया कि उसका तबादला कोलकाता से प्रयागराज के तेलियरगंज स्थित एएससी बटालियन में हुआ था।

18 अक्तूबर को उसे रिलीव किया गया था और सात दिन बाद उसे एएससी बटालियन में ज्वाइन करना था। बड़ा सवाल यह है कि जब वह प्रयागराज पहुंच ही गया था तो वह होटल में क्यों ठहरा। गौरतलब है कि मृतक जवान जगतपुरा, सूरत का रहने वाला था। 28 अक्तूबर को वह होटल में आया और कमरा नंबर छह में ठहरा। 29 अक्तूबर की रात आठ बजे के करीब कर्मचारी पहुंचे तो वह बिस्तर पर मृत पड़ा था और उसे खून की उल्टियां हुई थीं। कोतवाली इंस्पेक्टर अमर सिंह रघुवंशी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों से पूछताछ की जाएगी।

### जानें क्या था पूरा मामला

साउथ मलाका स्थित होटल आदूस कॉटेज में शनिवार रात सेना का जवान बेछारा सिंह सोलंकी (35) संदिग्ध हाल में मृत मिला। वह कोलकाता में तैनात था, जहां से उसका तबादला प्रयागराज हुआ था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और वह शहर आने के लिए चल दिए हैं। मृतक जवान जगतपुरा, सूरत का रहने वाला था। होटलवालों ने बताया कि वह 28 अक्तूबर को आकर कमरा नंबर छह में रुका था। शनिवार को वह पूरे दिन बाहर नहीं आया। रात आठ बजे के करीब कर्मचारी पहुंचे तो धक्का देते ही दरवाजा खुल गया। इस दौरान भीतर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। जवान बिस्तर पर मृत पड़ा था और उसे खून की उल्टियां हुई थीं। जानकारी पर कोतवाली पुलिस पहुंची और फिर फोरेंसिक टीम भी बुलाई गई। जांच पड़ताल में उसके सामान से सेना का मूवमेंट ऑर्डर मिला, जिससे पता चला कि वह सेना का जवान है। कोतवाली इंस्पेक्टर अमर सिंह रघुवंशी ने बताया कि मूवमेंट ऑर्डर में लिखे नंबर पर संपर्क करने पर पता चला कि वह कोलकाता में तैनात था और ट्रांसफर होने पर प्रयागराज आया था। शव को मर्चरी भेजवा दिया गया है। परिजनों के आने के बाद अन्य जानकारियां स्पष्ट हो सकेंगी।

### सेवानिवृत्त कमिश्नर ने बहू समेत तीन पर दर्ज कराया मारपीट, धमकी और चोरी का केस

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में रहने वाले सेवानिवृत्ति कमिश्नर आरएस वर्मा ने बहू समेत तीन पर केस दर्ज कराया है। आरोप है कि उनसे व उनकी पत्नी से गाली गलौज की गई और जान से मारने को धमकाया गया। साथ ही गहने भी गायब कर दिए गए। सेवानिवृत्ति कमिश्नर क्लाइव रोड पर परिवार समेत रहते हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बहू पिछले कुछ दिनों से उनसे, उनके बेटे व पत्नी से झगड़ा करती थी। आरोप यह भी है कि धीरे-धीरे घर और बेटी के गहने भी गायब कर दिए। 28 अक्तूबर की सुबह वह बिना कुछ बताए मासूम पौत्र को लेकर भाग गई। सोकर उठने पर गहने गायब व डिब्बे खाली पड़े देख उन्होंने उसकी तलाश की तो वह गायब थी।शक के आधार पर वह जार्जटाउन स्थित उसके रिश्तेदार के घर पहुंचे तो वह वहीं मिली। उसे घर बुलाया गया लेकिन वह आने को तैयार नहीं हुई। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर अमानत में ख्यानत, गालीगलौज व धमकी देने के आरोप में भुक्तभोगी अफसर की बहू, उसके रिश्तेदार व भाई पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# छठ पर्व : जिला अपराध निरोधक समिति पुलिस प्रशासन के साथ रही मुस्तैद

**नैनी।** छठ पूजा के पावन पर्व पर अरैल घाट पर प्रशासन के साथ यमुनापार यूथ टीम अपनी सेवा देते हुए। तमाम यमुनापार के गांव शहर मोहल्ले नैनी गांव, ए डी ए कॉलोनी, करछना रामपुर, शंकर डाल ,नैनी बाजार, डांडी मेहवा, और आसपास के क्षेत्र से आए हुए लोगो द्वारा त्रिवेणी अरैल संगम में माँ गंगा मां यमुना मां सरस्वती की छठी मैया की आराधना और स्नान और पूजा पाठ करने तो कुछ लोग मेला घूमने आये भीड़ की व्यवस्था रखने मैं यूथ टीम यमुनापार के द्वारा किया गया सेवा कार्य में प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित,क्षेत्राधिकारी अमित सिंह चौहान थानाध्यक्ष बृजेश सिंह उपनिरीक्षक शरद सिंह,शालिनी सिंह के साथ उपस्थित पुलिसगण मिलकर यातायात व्यवस्था पर पूरी निगरानी रखते हुए की कोई भी परेशानी आम जनता को ना हो पाये । हमारे ऊस्रू के केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य दीपक तिवारी, यूथ टीम से जनसंपर्क अधिकारी बृजेश कुमार मौर्या कार्यक्रम अधिकारी शशांक मिश्रा क्षेत्रीय प्रभारी शनि श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रभारी सोनू भारतीय राजेश कुमार सुजीत गौतम सोहनलाल पांडेय बबलू अली विकास कुमार सिंह राम कुमार पाल बंसराज पाल मदन यादव आदि सदस्यगण यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा और मंडल प्रभारी श्री राम बाबू जी के निर्देशन में सभी सदस्यगण भी मौजूद रहे।



## अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग का पदार्फाश

# 17 चोरी की मोटरसाइकिल हुआ बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतरसुइया पुलिस ने बड़े वाहन चोर का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल वह उनकी निशानदेही पर 15 मोटरसाइकिलें बरामद करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है।गिरफ्तार किए गए आरोपी चोरी करने के बाद गाड़ियों को बेचते नहीं थे, बल्कि किसी के यहां परिजनों की बीमारी का बहाना बनाकर गिरवी रख देते थे। पुलिस लाइन के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी अभियुक्तों को मीडिया के सामने पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर संतोष कुमार मीणा ने बताया कि इनके गैंग के तीन सदस्य भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।

# गंगा समग्र सरकार समाज के प्रयास से बनाएगी अविरल-निर्मल गंगा

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के मां शिवकुमारी शुक्ला इण्टर कालेज लालापुर प्रयागराज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ड्रीम प्रोजेक्ट गंगा समग्र के तत्वाधान में आयोजित प्रथम जिला अभ्यास वर्ग में यमुनापार जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मां गंगा व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। गंगा और अन्य नदियों को अविरल-निर्मल बनाने के काम में लगे आर एस एस के वरिष्ठ प्रचारक एवं गंगा समग्र के काशी प्रान्त के संगठन मंत्री अम्बरीष कुमार ने कहा कि गंगा की निर्मलता के लिए केंद्र सरकार नमामि गंगे के माध्यम से अच्छा प्रयास कर रही है। बड़े-बड़े शहरों से गंगा में गिर रहे गंदे पानी के सीवरेज को रोका गया, घाटों का उद्धार हो रहा है लेकिन शासकीय कार्य समाज की सहभागिता के बगैर पूरा नहीं होगा। गंगा और अन्य नदियों को अविरल बनाने के लिए वर्षा जल को धरती की सतह पर रोकना आवश्यक है। नदियों को जीवन देने में तालाबों और वनों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। गंगा को अविरल बनाने के लिए तालाबों और छोटी नदियों को संवारना आवश्यक है। इसके लिए गंगा समग्र समाज के जागरण में जुटेगा। इस अभियान में समाज के जागरण का महत्व भी समझाया गया। इस अवसर पर गंगा समग्र के राष्ट्रीय गंगा आश्रित आयाम प्रमुख अमिताभ उपाध्याय ने कहा कि नगरीकरण की अंधी दौड़ और अविवेकपूर्ण ढंग से भूमिगत जल के दोहन ने गंगा के साथ दूसरी नदियों को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाया है। गंगा प्रदूषण मुक्त हों। इसका प्रवाह गुणवत्ता युक्त, अविरल और निर्मल हो। यह समाज की भी जिम्मेदारी है, काशी प्रान्त संयोजक राकेश मिश्रा ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को जल तीर्थों के प्रति कर्तव्य को पवित्र भाव से समझना होगा। अगर नदियों की सेहत खराब होगी तो स्वस्थ समाज की कल्पना संभव नहीं है। स्वस्थ समाज के लिए निर्मल जलतीर्थ अपरिहार्य हैं।उन्होंने कहा कि गंगा समग्र का सामाजिक जन जागरण अभियान के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं।

गंगा समग्र ने गंगा को अविरल और निर्मल बनाने के लिए संकल्प लिया है। अभ्यास वर्ग में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने कार्यकर्ताओं को तालाबों के रखरखाव के साथ ही निर्माण और प्रबंधन के तरीके बताए। गंगा नदी के किनारे खेती में रसायन का उपयोग होने से नाइट्रोजन और फास्फोरस जब नदी में आता है तो जलीय पौधे का विकास होता है। लेकिन इसके सड़ने से जीव नष्ट होते हैं, इसलिए जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है।अभ्यास वर्ग के समापन पर कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के प्रबन्धक विवेक शुक्ला के द्वारा प्रान्त संगठन मंत्री अम्बरीष कुमार एवं राष्ट्रीय आयाम प्रमुख अमिताभ उपाध्याय और काशी प्रान्त के संयोजक राकेश मिश्रा एवं जिला संयोजक अनिल पांडे को अंगवस्त्रम व मां शारदा मैहर की चुनरी और गुरु मां शारदे की छवि भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी आगंतुकों के भोजन प्रसाद के पश्चात अभ्यास वर्ग का समापन हुआ जिले भर से आए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को आरती, घाट, शिक्षण संस्थान, सहायक नदियों, तालाब, जल निकास, पौधरोपण, जैविक खेती और संघटन निर्माण , गंगा आश्रित, सम्पर्क, युवावाहिनी, गंगासेविका आदि आयामों के बारे में विस्तारपूर्वक एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास वर्ग में जिला संयोजक अनिल पाण्डेय, जिला सह संयोजक विवेक शुक्ला, जिला सह संयोजक संदीप द्विवेदी ,सह संयोजक हिमांशु शुक्ला, सहायक नदी प्रमुख गिरीश मिश्रा, सरोवर प्रमुख महेश पाण्डेय, विधि प्रमुख प्रदीप द्विवेदी, घाट प्रमुख भूपेन्द्र पाठक एवं मीडिया संयोजक मुकेश पाठक, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र पांडे, विशाल मिश्रा , बलराम शुक्ला, हरिकांत शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, एडवोकेट शिवानंद शुक्ला, सीलू चतुर्वेदी, सुनील त्रिपाठी एडवोकेट, सुभाष उपाध्याय, डब्बू उपाध्याय, अरूण पाण्डेय, सुमेश शुक्ला समेत सभी अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**गंगा समग्र के तत्वाधान में आयोजित प्रथम जिला अभ्यास वर्ग में यमुनापार जिले के प्रमुख कार्यकताओं ने लिया भाग**




### ट्रेन से कटा युवक मौत, परिजनों में कोहराम

**घूरपुर।** घूरपुर रेलवे क्रासिंग के समीप मुम्बई रेल मार्ग पर रविवार शाम 8 बजे घूरपुर रेलवे क्रासिंग के समीप एक युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। घटना देख आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। युवक का सिर कटकर गायब हो गया था। लोगो ने कपड़े से पहचान सेमरा कल्बना गांव निवासी लाल जी कुशवाहा 35वर्ष बताया। सूचना पर परिजन भी पहुंच पुष्टि किए। पुलिस भी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। गायब सिर को खोजबीन की जा रही है। परिजनों ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह रेलवे ट्रैक के पास सायंकाल 6बजे से घूम रहा था।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम के पाल्सी नंबर 311 4683 99 में भूलवश शंकरलाल लिख गया है जो गलत है सही नाम शिव शंकर पुत्र रामहित कुशवाहा निवासी ग्राम व पोस्ट चरवा जनपद कौशांबी है।

# हजारों व्रती महिलाओं ने बेल्हा देवी घाट पर ढलते सूर्य को दिया अर्घ्य

## साधारण परिवारों के अलावा अधिकारियों के परिवार भी पूजा में हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के बेल्हा देवी घाट पर आज शाम पांच बजे ही महिलाओं का रेला ढलते सूर्य को अर्घ्य देने के लिये बेल्हा देवी प्रांगण में भर चुका था। महिलाओं ने कल से ही अपनी-अपनी बेदी बना ली थी जहां डलिया लेकर आज महिलाओं का झुण्ड पहुंचा और छठ मइया के गीत गाते हुए पूजन किया और ढलते सूर्य को नदी में खडे. होकर अर्घ्य देकर छठ मां से अपने संतान व परिजनों के सुखमय जीवन के लिये आराधना किया। इस तरह पिछले 36 घंटे से निराजली व्रती महिलाओं ने इतनी बड़ी संख्या में सूर्य भगवान की आराधना कर मन वांछित फल पाने के लिये आराधना किया।

बता दें कि तीन दिनों पहले डाला छठ की पूजा नहाय खाय के महिलाओं ने शुरू की थी। इस मुख्य पूजन के लिये नगर पालिका छठ समिति व मंदिर प्रबंधन ने बेल्हा देवी घाट पर सुविधाओं का प्रबंध किया था। घाट की सफाई व सजावट भी की गई जिसका जायजा लेने आज मुख्य विकास अधिकारी ईषा प्रिया ढाई बजे बेल्हा देवी घाट पहुंची थी।

उन्होंने छठ पूजा के लिये की गई व्यवस्था का जायजा लिया और लौट गई। नगर पालिका के इओ मुदित सिंह कई बार सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था देखने के लिये बेल्हा देवी घाट पहुंचे थे। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक एसके सिंह अपने सफाई कर्मियों की टीम के साथ पूरे समय तक डटे रहे। हाथ में डलिया व पूजन सामग्री लिये घाट और नदी में खड़ी होकर महिलाएं मानो साक्षात छठ मइया का दर्षन कर रही थीं। पूजन में महिलाएं इतना तल्लीन थी कि उन्हें और कोई निर्देष भी सुनाई नहीं दे रहा था। साधारण महिलाएं व पुरुष ही नहीं, बल्कि अधिकारी भी अपने परिवार के साथ पूजन करने पहुंचे थे। पुलिस विभाग के अडिनषल एसपी विद्या सागर ने भी बेल्हा देवी घाट पर पहुंचकर पूजन किया। सूर्य ढलने के बाद ही महिलाएं अर्घ्य देने के स्थान से हटी हैं। यही महिलाएं सोमवार की सुबह सूर्योदय के समय फिर अर्घ्य देने आएंगी। शासन और प्रषासन छठ पूजा को सकुषल सम्पन्न कराने के लिये मुस्तैद दिखा। सादी वर्दी में महिला सिपाही भी महिलाओं की इस भीड़ में शामिल थीं। इसके अलावा भीड़ को नियंत्रित करने के लिये पुलिस कर्मी भी मुस्तैद दिखे।



बेल्हा देवी घाट पर ढलते सूर्य को अर्घ्य देवी महिलाए।



व्यवस्था का जायजा लेते नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह।

# अन्नकूट महोत्सव के जरिए दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## आकर्षण का केंद्र रही गोवर्धन रंगोली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** खंडेलवाल महिला सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किशोरी सदन के प्रांगड़ किया गया। कार्यक्रम के जरिए पशुओं और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष श्यामलाल आंकड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात समाज के बच्चों व महिलाओं ने अपने नाट्य नृत्य रामलीला व गोवर्धन लीला कार्यक्रमों से ऐसा शमा बांधा की लोग मंत्रमुग्ध होकर थिरकने को मजबूर हो गए। श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्का उंगली पर उठाते ही पूरा हाल गोवर्धन गिरधारी और श्री कृष्ण के जय कारो से गूंज उठा। महिला सेवा समिति द्वारा बनाई गई रंगोली मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। श्री कृष्ण की माखन लीला का दृश्य रंगोली के माध्यम से प्रदर्शन देख लोग दांतो तले उंगलिया दबाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में खंडेलवाल महिला सेवा समिति की सुनीता झालानी, सुनीता आंकड, प्रिया जंघीनिया, मोनिका जसोरिया, विनीता आंकड़, रजनी आंकड़, बबीता बाजरग्यान, कविता बाजरग्यान, कंचन जसोरिया, संतोष जसोरिया, बिंदिया बाजरग्यान, आरती बाजरग्यान, अर्चना खारवाल, पिंकी बाजरग्यान, प्रियंका बाजरग्यान अल्का बड़ाया, भावना, रजनी, ज्योति, श्वेता, कविता आमिरिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामलाल आँकड़ तथा संचालन सोनू खण्डेलवाल व नेहा खण्डेलवाल ने किया।

## अधेड़ की मौत के मामले में चार गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के हथिगवां थाना क्षेत्र के लंगड़ी का पुरवा, जहानाबाद में 27 अक्टूबर को दो पक्षों के मध्य रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में हथिगवां पुलिस ने मु0अ0सं0 215/2022 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506 भादंवि का अभियोग पंजीकृत किया था। उक्त मारपीट की घटना में घायल हुए राम सुमेर यादव पुत्र जगन्नाथ यादव ( 65 ) वर्षीय की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा उक्त घटना से संबंधित आरोपियों की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश पर थानाध्यक्ष हथिगवां संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में अभियोग में धारा 302 भादंवि की बढोतरी की गई व घटना से संबंधित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 4 अदद लाठी बरामद की गई।

# एमडीपीजी कालेज में 299 विद्यार्थियों को वितरित हुआ स्मार्टफोन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में आज तीसरे दिन बी ए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन वितरित किया गया। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य एवं प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने 299 विद्यार्थियों में स्मार्टफोन वितरित किया। स्मार्टफोन पाते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए।

विद्यार्थियों ने कहा कि यह स्मार्टफोन उनकी आगे की पढ़ाई को आसान बनाएगा। विधायक ने कहा कि सरकार समग्र तकनीकी विकास के प्रति कृत संकल्प है। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा स्मार्टफोन वर्तमान की आवश्यकता है। छात्र-छात्राएं इसका उपयोग अपनी आगे की पढ़ाई में बेहतर ढंग से कर सकेंगे। कार्यक्रम में प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो राधाकृष्ण दुबे, डॉ सीएन पांडे, डॉ बलराज मिश्र, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ मनीष सिंह आदि ने सहयोग किया।



विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित करते विधायक व प्राचार्य।

## रेल संपत्ति के साथ किशोर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** चेकिंग अभियान के दौरान रेलवे सुरक्षा बल ने रविवार को रेल संपत्ति चोरी के आरोप में एक किशोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लोहे की सरिया और एंगल इत्यादि बरामद हुआ है। जो एक बोरी में भरा था। आरपीएफ इंस्पेक्टर के अनुसार पकड़ा गया चोर अनीश हक घोसपाड़ा, मुर्शिदाबाद वेस्ट बंगाल का रहने वाला है। आरपीएफ ने उसे वाशिंग लाइन की पास चोरी करते पकड़ा है। अनीश का परिवार इस समय मालगोदाम गुड़िया तारा के पास रहता है।

# हितचिंतक अभियान के लिये जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## विश्व हिन्दू परिषद द्वारा चलाया जा रहा हितचिंक अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए जा रहे हितचिंतक अभियान के लिए जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। हिंदू जागरण के लिए प्रतापगढ़ में 6 नवंबर से 20 नवंबर 2022 तक हित चिंतक अभियान चलाया जाएगा जिसमें प्रतापगढ़ जिले से 51 हजार लोगों को हित चिंतक बनाए जाने का लक्ष्य लिया गया है।

बता दें कि विश्व हिंदू परिषद के विभाग एवं जिला पदाधिकारियों को अभियान को ध्यान में रखते हुए 10 प्रखंड का पालक अधिकारी बनाया गया है। इस अभियान के दौरान जिला कार्यालय के अलावा प्रखंड स्तर पर 10 कार्यालय बनाए जाएंगे जिनके उद्घाटन की तिथियां तय हो चुकी हैं। इस अभियान में 1000 कार्यकताओं को लगाया जाएगा जो टोलियां बनाकर गांव में संपर्क करेंगे। उक्त जिला कार्यालय उद्घाटन के समय मोहनलाल प्रांत कार्यसमिति सदस्य एवं विभाग पालक अधिकारी, रजनीश तिवारी विभाग मंत्री, नवीन पाल विभाग संयोजक, मनोज पांडे जिला कार्यकारी अध्यक्ष, संदीप तिवारी राजन जिला मंत्री, विकास सिंह जिला संयोजक, दीपक दुबे जिला सहसंयोजक, प्रशांत तिवारी जिला सहमंत्री, विजय सिंह सोलंकी जिला गोरक्षा प्रमुख, लाल प्रताप सिंह जिला धर्म प्रसार प्रमुख, अजय सिंह सेवा प्रमुख, अजय सिंह गुड्डन जिला समरसता प्रमुख, एवं प्रखंड से संदीप गोस्वामी सहसंयोजक, अंकुर सिंह उपाध्यक्ष, शुभम त्रिपाठी सह मंत्री, भूपेश पांडे मंत्री, अभिषेक सिंह अध्यक्ष, अंकित सिंह मंत्री, पंकज तिवारी संयोजक, मुकेश रावत फौजी मंत्री, हरी प्रसाद पांडे गौ रक्षा प्रमुख, राजेंद्र शुक्ला अध्यक्ष, विशाल पटवा मंत्री एवं आदि लोग प्रखंड कार्यकारणी से उपस्थित रहे व अन्य हिंदू हित चिंतक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



हितचिंत अभियान के लिये कार्यालय के उद्घाटन पर मौजूद पदाधिकारी

# सरायदली साहित्य महोत्सव में बही कविता की रसधार

## विभिन्न क्षेत्रो की विभूतियों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में पूज्या माता गंगा देवी की पावन स्मृति में सरायदली साहित्य महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह ग्राम सरायदली (सदर) सम्मेलन हुआ। कवियों ने अपने काव्य पाठ से सबका मन मोह लिया। राष्ट्रीय कवि साहित्यकार डॉ संगम लाल त्रिपाठी भँवर ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि आकाशवाणी दूरदर्शन केंद्र के निदेशक लोकेश कुमार शुक्ला रहे।

मुख्य अतिथि निदेशक लोकेश कुमार शुक्ल ने कहा कि माता गंगा देवी ने डॉक्टर दयाराम मौर्य रत्न जैसे पुत्र रत्न को जन्म दिया। सरायदली की पवित्र भूमि भी धन्य है जहां साहित्य का विकास हो रहा है। संचालन युवा साहित्यकार अनिल कुमार निलय ने किया। विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष भदंत शांति मित्र, डॉ श्याम शंकर शुक्ल, डॉ0 शहिदा, अनिल प्रताप, रोशनलाल उमरवैश्य, राजीव कुमार आर्य रहे। जिन्होंने काव्य पाठ किया और जिनका सम्मान हुआ उनमें अंकिता मिश्रा, गजेंद्र सिंह, अनिरुध्द मिश्रा, चंद्रकांत त्रिपाठी, सुरेश नारायण, शेष नारायण दुबे,श्याम शंकर शुक्ल, शिव भानु मौर्य, कृष्णा, डॉ साहिदा, राधेश्याम, लखन प्रतापगढ़ी, छेदीलाल मौर्य, कुंज बिहारी लाल, चंद्रेश बहादुर सिंह, अनिल प्रताप त्रिपाठी, राजकुमार विश्वकर्मा, अमरनाथ गुप्ता, विकास यादव प्रमुख रहे। वरिष्ठ कवि डॉ भानु प्रताप त्रिपाठी की पुस्तक गुरुवांजलि भाग-1 का विमोचन हुआ। महोत्सव के आयोजन में प्रेमदास मौर्य, आत्माराम मौर्य, वीरेंद्र कुमार मौर्य, शैलेंद्र कुमार मौर्य, जितेंद्र कुमार, आनंद, आकाश, आरती। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले डॉक्टर बृजभानु सिंह, राकेश कनौजिया, राजीव कुमार आर्य, वीना श्रीवास्तव, आनंद मोहन ओझा, डॉ श्रद्धा सिंह, विष्णु नारायण मिश्र का माता गंगा देवी स्मृति सम्मान गौरव सम्मान से नवाजा गया। अंत में प्रेमदास मौर्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



साहित्य महोत्सव में मौजूद अतिथिगण।

# संत गाडगे प्रतिभा सम्मान के तहत विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

## पट्टी के गौरा माफी बाजार में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** समाज के दबे कुचले और समाज के मुख्यधारा से कटे हुए समाज के विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए रविवार को पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड अंतर्गत गौरामाफी बाजार में संत गाडगे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।पट्टी तहसील के क्षेत्र के गौरामाफी बाजार में स्थित एक कोचिंग सेंटर पर आयोजित इस कार्यक्रम में संत गाडगे प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया जिसमें प्रतापगढ़ जनपद के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत गाडगे, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, तथा महात्मा बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए किया गया। समन्वय सेवा संस्थान प्रतापगढ़ के जिला प्रभारी राकेश कनौजिया ने कहा की शिक्षा जैसे प्रमुख हथियार से ही हम समाज की कुरीतियों, बुराइयों और समाज की विसंगतियों को दूर कर सकते हैं। कार्यक्रम में हाई स्कूल में रजक समाज में सबसे अधिक अंक पाने वाले शिवम कुमार, श्वेता, हिमांशु चैधरी तथा इंटरमीडिएट में आकांक्षा चैधरी, सुधीर चैधरी तथा अंकित रजक को सम्मानित उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा सन्त गाडगे महाराज की प्रतिमा दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राधेश्याम रजक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मूलचंद कनौजिया, हरी लाल रजक, शैलेंद्र चैधरी महेश प्रसाद चैधरी लोधी राम कनौजिया, सरोजा देवी गामा प्रसाद रजक ओमप्रकाश कनौजिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश चैधरी ने किया।

## संदिग्धों से ही पूंछताछ तक सीमित लालगंज पुलिस

### नेशनल हाइवे पर पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट का है मामला

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को बैंक में रूपया जमा करने जा रहे पेट्रोल पंप मैनेजर से हुई लूट की घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस असहाय दिखाई दे रही है।संदिग्धों से ही पूछताछ तक सीमित दिखाई दे रही है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र स्थिति इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप रायपुर तियाई के मैनेजर प्रभात मिश्र 28 अक्टूबर को लगभग 11 बजे दो लाख साठ हजार बैग में लेकर रानीगंज कैथौला स्थिति स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा करने जा रहा था। वह जैसे ही लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग स्थिति अर्जुनपुर गांव पहुंचा की पीछे से एक बाइक पर दो लोग आ कर मैनेजर को रोक लिया।जब तक वह कुछ समझ पाता कि बदमाशो ने रुपए से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। मैनेजर कुछ दूर पीछा किया लेकिन बदमाशो ने तमंचे को लहराया तो वह लौट आया और घटना के बावत पुलिस को सूचना दी।लूट की सूचना मिलते ही मौके पर एसपी, एएसपी, सीओ व कोतवाल आ धमके।पुलिस घटना स्थल से लेकर पेट्रोल पंप तक कई पहलुओं पर जांच की, सीसीटीवी से लेकर मोबाइल पर हुई बातचीत की भी जांच की। यहां तक की कप्तान ने मातहतों को जमकर फटकार लगाते हुए जल्द खुलासे के लिए कहा था। मामले को एडीजी ने भी गंभीरता लेते हुए नाराजगी जताई। पुलिस अधिकारियों के कड़े तेवर के बावजूद स्थानीय पुलिस सिर्फ संदिग्धों से ही पूछ-ताछ तक ही सीमित दिखाई दे रही है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

# ट्रैक्टर का पहिया निकलने से पीछे से आ रही कार टकराई, आठ घायल

## दो लोगो को रायबरेली किया गया रेफर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे पर शनिवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे रायबरेली से प्रयागराज को जा रही कार आगे जा रही ईट से लदा ट्रैक्टर के अचानक दोनों पिछला पहिया निकल जाने से कार टकरा गई जिससे कार में सवार एक ही परिवार के ड्राइवर सहित आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय नवाबगंज पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर सीएचसी कालाकांकर भेजा जहां दो लोगो को रायबरेली रिफर करते हुए बाकी छह लोगों का उपचार करके छुट्टी दे दिया।

बताया जाता है कि जनपद रायबरेली के रतापुर निवासी शेरबहादुर सिंह पुत्र रामचरित सिंह (41) वर्षीय अपने परिवार के साथ कार चालक पीयूष शर्मा (24) वर्षीय मलिक मऊ निवासी के साथ रिश्तेदारी में प्रयागराज जा रहे थे कि जनपद प्रतापगढ़ के नवाबगंज थाना के निकट जगरूपनगर में शाम लगभग साढ़े सात बजे कार के आगे जा रही ईट से लदा ट्रैक्टर का पिछला दोनों पहिया अचानक निकल गया जिससे कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा गई और कार का गेट लॉक हो गया और चीख पुकार मच गई सभी लोग दौड पडे कार के गेट को किसी तरह काटकर अंदर फसे सभी लोगो को बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस बुलाकर सीएचसी कालाकांकर भेजा। घायलों में भाग्यवती पत्नी रामचरित सिंह (65) वर्षीय रतापुर रायबरेली, आरएन प्रताप सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह (18) वर्षीय रतापुर रायबरेली, प्रतिमा सिंह पत्नी शेर बहादुर सिंह (40) वर्षीय, आंशिक सिंह पुत्री शेर बहादुर सिंह (14) वर्षीय, सोनाली सिंह पुत्री दुर्गेश बहादुर सिंह (23) वर्षीय,तनु सिंह पुत्री दुर्गेश बहादुर सिंह (18) वर्षीय,व कार चालक पीयूष शर्मा ,शेरबहादुर घायल हो गए जिसमें भाग्यवती सिंह व पीयूष शर्मा को जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रिफर कर दिया और बाकी अन्य छह लोगों को उपचार करने के बाद छुट्टी दे दिया गया।

# चोरों ने घर में सोने चांदी के जेवरात समेत नगदी पर फेरा हाथ

## आंगनबाड़ी केंद्र को भी खंगाला

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक ही रात में लालगंज सर्किल के दो थाना क्षेत्रों में चोरी की अलग-अलग दूसाहसिक घटनाएं घटित होने से हड़कंप मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक घर में चोरों ने जहां 5000 नगदी समेत सोने चांदी के कीमती जेवरात उड़ा लिए, वही लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक आंगनबाड़ी केंद्र में भी बदमाशों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना अंजाम दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे रूप पहाड़पुर निवासी बृजेश वर्मा की पत्नी कांति वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शनिवार की रात वह अपने घर के सामने बने छप्पर में सो रही थी। देर रात अज्ञात चोर उसके घर के पीछे की तरफ बने जीने से घर के भीतर घुस गए। चोरों ने घर के अंदर रखे गेहूं दाल भी व खाद्यान्न सामग्री तथा एक सोने की अंगूठी व चांदी की करधनी तथा मंगलसूत्र आदि जेवरात के साथ घर में रखा 5,000 नगद भी चोरी कर ले गए। रविवार की सुबह कांति जब उठी तो घर के भीतर चोरी का नजारा देख दंग रह गई। पीड़िता की सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं शनिवार की रात लालगंज कोतवाली के राजेंद्र नगर के समीप पूरे हरकिशन गांव में चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। केंद्र की कार्यकत्री माधुरी द्विवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहां है कि शनिवार को दोपहर एक बजे छुट्टी होने के बाद व केंद्र बंद कर अपने घर चली गई। शनिवार की रात केंद्र पर ताला तोड़कर चोरों ने लोहे के बॉक्स में रखे बच्चों के खिलौने पढ़ाई के साधन आदि कीमती सामान चोरी कर ले गए। रविवार की सुबह जब गांव के लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्र में हुई चोरी की उसे जानकारी दी तो वह सुबह केंद्र पहुंची कार्यकत्री ने चोरी की घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।

# डेंगू की चपेट में आने से उपचार के दौरान लखनऊ में मौत, परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सीएचसी कालाकांकर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनाहू के लाल सिंह का पुरवा निवासी भगवानदीन उर्फ मुन्ना पुत्र जवाहरलाल धुरिया (50) वर्षीय विगत एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित था जिसका स्थानीय आस पास के चिकित्सकों द्वारा उपचार चल रहा था हालत में सुधार न होने पर परिजन लोग गुरुवार को रायबरेली ले गए जहां से सरन लोहिया अस्पताल लखनऊ के लिए रिफर कर दिया जहाँ उपचार के दौरान रविवार की भोर पहर मौत हो गई।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का शव घर पहुचने पर चीख पुकार मच गई परिजनों ने कालाकांकर गगाघाट किनारे अंतिम संस्कार किया। ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी ने मृतक के परिजनों को हर सम्भव सहायता दिलाने का आश्वासन देते हुए ढाढस बधाया। मृतक की आर्थिक स्थिति काफी नाजुक थी।कालाकांकर ब्लाक मुख्यालय के सामने चाय नास्ता की दुकान खोलकर परिवार का किसी तरह खर्च चलाता था।मौत की खबर मिलते ही ब्लाक कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। इस बाबत जानकारी करने पर सीएचसी चिकित्सक डॉ राजीव द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ में भर्ती था डेंगू से मौत की जानकारी मिली है गाव में स्वाथ्य विभाग की टीम लगा दी गई है। परिजन लोग मरीज को अस्पताल न लाकर इधर उधर इलाज करा रहे थे जिसकी जानकारी हम लोगो को नहीं दिया। उपचार समय से न होने पर मौत हो गई।

### खबर संक्षेप

## गंदा पानी पीने पर मजबूर है रघुनाथ पुर कालोनी के ग्रामीण

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के रघुनाथपुर दुर्गा भाभी नगर में नगरपालिका द्वारा पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन डाला गया था लेकिन इस पाइपलाइन के ऊपर नगरपालिका के ठेकेदारों ने नाली बना दिया है जिससे गंदा पानी का बहाव हो सके गंदे पानी के नाली के नीचे से डाला गया पानी सप्लाई का पाइप फट गया है जिससे लीकेज हो रहा है और नाली का गंदा पानी पाइप में अंदर घुस जाता है और वह गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है नगरपालिका के सप्लाई में गंदा पानी पहुंचने से क्षेत्र के लोग बीमार हो रहे हैं कई लोग बुखार की चपेट में आ चुके हैं लेकिन दूषित जल की सप्लाई नगर पालिका ने बंद नहीं की है मामले को लेकर नगर पालिका कार्यालय में नरेंद्र कुमार बनवारीलाल पितांबर लाल संगीता देवी कुसुम देवी लालचन्द अरविंद कुमार संजय कुमार चंदा देवी गुलजारीलाल रंजू सहित तमाम ग्रामीण नगरपालिका कार्यालय पहुंचे और वहां पर शिकायती पत्र देकर दूषित पानी की सप्लाई बंद कर शुद्ध जल सप्लाई की मांग की है।

# शटर का ताला तोड़कर लाखों का सामान उठा ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

### घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़, कोखराज थाना क्षेत्र के काशिया पश्चिम गांव में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना



चोरी की घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव में बीती रात चोर शटर का ताला तोड़कर लाखों का सामान उठा ले गए सुबह शटर खुला देखकर ग्रामीणों को किसी अनहोनी की आशंका हुई और देखते-देखते घटनास्थल पर भीड़ लग गयी है मामले की सूचना दुकान मालिक को ग्रामीणों ने दी सूचना मिलते ही मौके पर दुकान मालिक पहुंचा और चोरी की घटना देखकर वह सन्न रह गया मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच करने के बाद चोरों को पकड़ने और घटना के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया है इसके पूर्व कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज और आसपास कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं कई महीने बीत जाने के बाद भी घटनाओं का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कासिया पश्चिम में अनुभव मौर्या ने इलेक्ट्रॉनिक की दुकान खोल रखी है प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात्रि वह दुकान बंद करके घर चले गए आधी रात को दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घर घुसे चोरों ने लगभग एक लाख रुपये के कीमती सामान दो बैटरी,इन्वाइटर ,लेजर,प्रिंटर,फोटो प्रिंटर,चार एलबम करिजमा,पॉच पेनड्राइव,व 1500 रुपये नगद की चोरी कर मौके से फरार हो गए ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब वह रोड की तरफ निकले तो आधा शटर खुला था शटर खुला होने पर ग्रामीणों को किसी अनहोनी की आशंका हुई उन्होंने दुकान मालिक को मामले की सूचना दी घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी दुकान का शटर खुला होने की जानकारी दुकान दार को हुई तो वह सन्न रह गए वह तुरन्त अपनी दुकान में पहुँचे तो देखा कि दुकान से लाखों रुपए का सामान गायब है घटना की जानकारी थाना कोखराज को दी गयी मौके पर पुलिस पहुँची और जाँच पड़ताल कर जल्द ही घटना का खुलासा करने व चोरों को पकड़ने का अस्वासन ग्रामीणों को दिया है।

## ट्रान्सजेण्डर सुरक्षा प्रकोष्ठ का हुआ गठन

**कौशाम्बी।** ट्रांसजेंडर की सुरक्षा को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ने समिति गठित की है समिति में महिला अधिकार संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजना मिश्रा भी सोशल वर्कर काउंसलर के पद पर शामिल की गई हैं गाइड लाइन्स के प्रस्तर-1263() के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट के अधीन जनपद स्तर पर "ट्रान्सजेण्डर सुरक्षा प्रकोष्ठ गठित किये जाने का प्राविधान है उपर्युक्त निदेर्शों के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट के अधीन जनपद स्तर पर ट्रान्सजेण्डर सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन 15 अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षक ने किया है योजना की विस्तृत गाइड लाइन्स निर्गत की गयी है। रटक्छए गाइड लाइन्स के प्रस्तर- 1:283 में राज्य एवं जिला स्तर पर उभयलिंगी व्यक्तियों की सुरक्षा हेतु "ट्रान्सजेण्डर सुरक्षा प्रकोष्ट" के गठन का प्राविधान किया गया है। रटक्छए गाइड लाइन्स के प्रस्तर-1263 () के अनुरूप महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन 3000 के कार्यालय ज्ञाप सं0-हढछ-लउ- विविध-13/ 2022 / 1618, दिनांक-15.09.2022 द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 लखनऊ की अध्यक्षता में 08 सदस्यीय राज्य स्तरीय "ट्रान्सजेण्डर सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन पूर्व में किया गया है ट्रांसजेंडर की समस्याएं और उनकी सुरक्षा को लेकर काउंसलर के पद पर सोशल वर्कर अंजना मिश्रा और सुरेश जयसवाल सहित कई लोगों की नियुक्ति की गई है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर,बाइक सवार की मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने कार सवार को रोका

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क क्रास कर रहे बाइक सवार की तेज रफ्तार कार से जोरदार टक्कर हो गई,हादसे में बाइक सवार उदय भान यादव उम्र तकरीबन 52 वर्ष पुत्र रामशरण यादव निवासी मनका पुर सैनी की मौके पर ही मौत हो गई,वही हादसे के बाद कार सवार को ग्रामीणों ने रोक लिए और पुलिस को सूचना दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के मनकापुर गांव निवासी बाइक सवार जो हैरो बनवाने जा रहा था कमासिन के पास बाइक से रोड क्रॉस कर रहा था तभी एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार दूर जा गिरा और उसके सिर पर गंभीर चोट लग गयी हादसे के बाद घटनास्थल पर तड़प तड़प कर बाइक सवार की मौत हो गई।हादसे के बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गई आक्रोशित ग्रामीणों ने कार सवार को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस ने मौके पर लगी भीड़ को समझा-बुझाकर हटाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही कार सवार को पुलिस अपने साथ ले गई और कार्यवाई में जुट गई है।



दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

# महिला से मोबाइल मंगलसूत्र बाला छीनकर भागे उचक्के

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के मेहता रोड निवासी महिला सोनिका मिश्रा पत्नी शशीकांत मिश्रा अपने घर के पीछे दरवाजे पर बैठी थी इसी बीच मौके पर पहुंचे तीन युवकों ने महिला के गले से मंगलसूत्र और कान से सोने की बाली छीनने का प्रयास किया है मंगलसूत्र वा बाली छीनने वाले लोगों का हाथ महिला ने पकड़ लिया है युवकों ने महिला से अपना हाथ छुड़ा लिया लेकिन छीना झपटी में महिला का कान फट गया है और मंगलसूत्र बाला युवक छीन ले गए इसके बाद युवकों ने महिला से मारपीट शुरू कर दिया हो हल्ला सुनकर महिला की सास और उसका एक रिश्तेदार भी मौके पर



पहुंच गया तो तीनों युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की है और महिला के हाथ से उसका मोबाइल उचक्के छीन ले गए हैं सोने के मंगलसूत्र बाला और मोबाइल छीनने वाले उचकको को महिला ने पहचान लिया है और नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

## शराब के साथ छः अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा छः अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए 46 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर सभी अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक अभियुक्ता कलावती पत्नी मोहन पासी निवासी ग्राम पूरब सरावा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 07 लीटर अवैध शराब सूरज भान पुत्र अशोक कुमार निवासी थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे से 06 लीटर अवैध सुरेश सोनकर पुत्र दिलपाल सोनकर निवासी पुनवार थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब नथन प्रसाद पुत्र बसन्तलाल निवासी कोरीपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 06 लीटर अवैध शराब व मोनू सरोज पुत्र अर्जुन सरोज निवासी भगवतपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 07 लीटर अवैध शराब व अनिल कुमार पुत्र शिवलाल निवासी जगन्नाथपुर विदांव थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार सभी अभियुक्तो चालान न्यायालय कर दिया है।

# हर घर जल योजना में पाइप लाइन का गड्ढा खोदकर ठेकेदार फरार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जल निगम द्वारा हर घर जल योजना के अंतर्गत करोड़ों की लागत से पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य चायल तहसील क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में कई महीने पूर्व शुरू कराया गया था पाइप लाइन बिछाए जाने की इस कार्य में शिथिलता की शिकायत अधिकारियों से हुई थी जिस पर जेसीएमसी के निर्माण कार्यों की जांच करने मुख्य विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे थे जहां तमाम खामियां जांच के दौरान मिली थी इस पर विभागीय अधिकारियों के साथ ठेकेदारों को फटकार लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पाइपलाइन बिछाए जाने का निर्देश दिया था लेकिन मुख्य विकास अधिकारी का निर्देश जल निगम के अधिकारी और ठेकेदार के ऊपर प्रभावी नहीं हो सका है बलीपुर टाटा गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत फेस टू जेसीएमसी के द्वारा पाइप लाइन बिछाए





पाइप लाइन डालने के नाम पर खोदा गया नाला का दृश्य

जाने के कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है करोड़ों की लागत के पाइपलाइन बिछाए जाने में विभागीय खेल शुरू हो गया है गांव में गड्ढे खोद दिए गए हैं लेकिन पाइप ना डाले जाने से गड्ढे पूरे नहीं हो सके हैं और ठेकेदार अधूरा कार्य छोड़कर महीनों से फरार हो गए हैं फला ठेकेदारों पर विभागीय अधिकारियों का चाबुक नहीं चल पा रहा है सूत्रों की मानें तो विभागीय अधिकारी और ठेकेदारों के बीच कमीशन खोरी का हिस्सा विवाद का कारण बन गया है जिससे पाइपलाइन बिछाए जाने का कार्य अधूरा रह गया गांव में पाइप लाइन बिछाए जाने के नाम पर गड्ढा खोद दिए जाने के बाद रास्ते अवरुद्ध हो गए और ग्रामीणों को खेती किसानी के कार्यों में जाने में दिक्कतें होती हैं कई बार ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत की लेकिन उसके बाद भी महीनों पूर्व रास्ते में खुदाई कर फरार हुए ठेकेदारों के कारनामों पर कठोर कार्यवाही नहीं हो सकी है।

### बीते दिनों मुख्य विकास अधिकारी ने मौके की जांच कर दिए थे कठोर निर्देश

### कलेक्शन के नाम पर अवैध वसूली शुरू

**कौशांबी।** हर घर जल योजना के तहत बलीपुर टाटा गांव में पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य अभी पूरा नहीं हो सका है बताया जाता है कि हर घर जल योजना के कनेक्शन के नाम पर प्रत्येक कनेक्शन धारक से 200 रुपए की वसूली शुरू हो चुकी है अवैध वसूली की ओर भी अभी तक विभागीय अधिकारियों ने वसूली करने वाले पर मुकदमा दर्ज करा कर विभागीय कार्यवाही नहीं की है जिससे विभाग में अंधेरगर्दी भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है गांव के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए हर घर जल योजना में पाइप लाइन बिछाने में हो रही लापरवाही और उदासीनता पर कार्यवाही कर तत्काल पाइप लाइन बिछाए जाने की मांग की है ग्रामीणों ने कहा है कि हर घर कनेक्शन देने के नाम पर वसूली करने वाले कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कराकर कठोर कार्यवाही की जाए।

# मिली प्रेरणा : नगर वासियों ने सुनीं प्रधानमंत्री के मन की बात

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के दलित बस्ती वार्ड नम्बर 02 डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम नगर के लोगो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सुना प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम के द्वारा बताया गया कि आज सूर्य की रोशनी से किसान अपने खेतों में सोलर लगाकर अपने खेतों की सिंचाई कर रहे है जिससे हमारा भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और वो बिजली बिल के खर्चे से भी बच रहे है जिससे उनको खेती करने में लागत भी कम लग रही है। प्रधानमंत्री के मन की बात सुन रहे लोगों ने कहा कि उनके विचारों को अपने व्यक्तिगत जीवन मे उतारने की प्रेरणा मिली है इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष



मन की बात सुनते नगरवासी

प्रेमचद्र चौधरी,जिला कार्यसमिति सदस्य अमरेश कुमार उर्फ कल्लू पंडा जिला मीडिया संयोजक व वॉर्ड के संयोजक शिवम केशरवानी उर्फ अंकित भैया, डॉ0 अमित सिंह, सह संयोजक रामू सिंह, जगजीत सरोज, बूथ अध्यक्ष सत्यम केशरवानी, राजेन्द्र कुमार, हरी लाल, सुखराम सरोज, शैलेश कुमार, शारदा,भरत रैदास, बिंदेश्वरी, बसन्त लाल, दिलीप, शिवचरन सहित तमाम कार्यकर्ता एवं आमजन मानस मौजूद रहे।

## डेढ़ महीने बीते दुर्घटना का नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक स्कूल के प्रधानाचार्य अपने सहायक को कार सिखा रहे थे इसी बीच स्कूल जा रही छात्रा इसरा बानो उम्र 14 वर्ष पुत्री सफीक अहमद निवासी उलाचू पुर को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित कार चालक गड्ढे में चला गया इस दुर्घटना में स्कूल की छात्रा गंभीर घायल हो गयी हादसे के बाद छात्रा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया डेढ़ महीने से छात्रा का लगातार इलाज चल रहा है लेकिन अभी भी छात्रा ठीक नहीं हो सकी है कार चालक ने हादसे में घायल छात्रा के परिजनों से समझौते की बात कही थी लेकिन अब कार चालक इलाज कराने से मुकर रहा है जिस पर छात्रा के पिता ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार चालक पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

घटना 7 सितंबर की है हादसे को डेढ़ महीने से अधिक बीत चुके हैं लेकिन अभी तक दुर्घटना का मुकदमा पुलिस ने नहीं दर्ज किया है बल्कि दोषी प्रधानाध्यापक घायल छात्रा के परिजनों पर नाजायज दबाव बना रहे हैं।

# हरी झंडी दिखाकर चौरीचौरा को मनौरी से सांसद ने किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

### चौरी चौरा रुकने की खुशी में मनौरी में उमड़ पडा व्यापारियों का जनसैलाब, सांसद विनोद सोनकर व सांसद केशरी देवी पटेल भी पहुंचे मनौरी रेलवे स्टेशन






चौरीचौरा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद

**मनौरी कौशाम्बी।** हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के कौशांबी जनपद के मनौरी रेलवे स्टेशन पर 30 अक्टूबर से चौरी चौरा एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मंजूरी मिलने के बाद रेलवे स्टेशन पर आम जनमानस के साथ सांसद पहुंचे हैं और उन्होंने चौरी चौरा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर मनौरी स्टेशन से रवाना किया है इस मौके पर सांसद ने कहा कि चौरी चौरा एक्सप्रेस के ठहराव होने से व्यापारियों को आने-जाने में दिक्कतों से नहीं जूझना पड़ेगा और उनकी समस्या का समाधान हो गया है मनौरी बाजार मर्दानपुर जनका कसेंदा चायल सुधवर,चरवा काजू ,तिल्लहापुर,नेवादा,सराय अकिल, पूरामुफ्ती,काजीपुर के व्यापारियों व आम जनमानस को मनौरी से व्यापार के सिलसिले में कानपुर जाने के लिए बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता था मनौरी बाजार नगर के व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने कौशांबी सांसद विनोद सोनकर को ट्रेन के बावत अपनी परेशानी को अवगत कराया। कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने अपने क्षेत्र के व्यापारियों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए रेलमंत्री से बातचीत करके चौरी चौरा एक्सप्रेस को मनौरी में ठहराव की स्वीकृति दिलाई 30 अक्टूबर 2022 से चौरी चौरा एक्सप्रेस का मनौरी रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू हो गया चौरी चौरा एक्सप्रेस रुकने की खुशी में क्षेत्र के हजारों की संख्या में व्यापारियों के अलावा आम जनमानस नेता कौशांबी सांसद विनोद सोनकर और फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल को मनौरी रेलवे स्टेशन पर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया मनौरी रेलवे स्टेशन पर चौरी चौरा ट्रेन के ठहराव कराए जाने के मामले में धन्यवाद दिया मनौरी रेलवे स्टेशन पर चौरी चौरा ट्रेन के ठहराव और स्वागत समारोह के अवसर पर मनोज केसरवानी उर्फ पटेल (संरक्षक व्यापार मंडल मनौरी), सुधीर केसरवानी( अध्यक्ष व्यापार मंडल मनौरी), संतोष सोनकर,शंभू लाल केसरवानी ( वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशांबी व्यापार मण्डल), जगदीश चंद्र केसरवानी, दीपू केसरवानी, नरोत्तम दास केसरवानी, राजेश केसरवानी, रवि केसरवानी, अरविंद सोनकर अंकित केसरवानी, रतन केसरवानी, आर राज कुमार, प्रदीप केसरवानी, राकेश कुमार, पप्पू महाराजसहित इलाके के हजारों व्यापारियों का हुजूम रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहा।

# जल निकासी की व्यवस्था न होने से शिशु मंदिर कॉलोनी बनी तालाब

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के शिशु मंदिर कॉलोनी में जल निकासी की व्यवस्था न होने से पूरी कॉलोनी तालाब में तब्दील हो गई है जिससे डेंगू जैसी जघन्य बीमारी फैली हुई है उस पर नागर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी धृत राष्ट्र बने हुए है वही नगर पालिका परिषद के कर्मचारी कागजो में तो अपना कोरम पूरा कर चुके है जबकि जमीनी हकीकत मे देखा जाय तो कार्य शून्य ही है ऐसे मे कर्मचारियों के उपर लगाम लगाने की आवश्यकता है मोहल्ले मे जाकर समय ब्यतीत कर नगर पालिका के जिम्मेदार आल इस वेल करके चले आते है इनके किसी भी कार्य को किसी अधिकारी को देखने की आवश्यकता नही होती 'अब सवाल उठता है की लोग अपने आप को असहाय वा असुरक्षित महसूस करते हुए अपना जीवन जीने को मजबूर है जबकि सरकार की तरफ से गाइड लाइन भी है की किसी मोहल्ले मे पानी न ठहरने पाए और मच्छर मार दावा का छिड़काव बराबर किया जाना चाहिए परंतु भरवारी क्षेत्र की कॉलोनी में ऐसा होता नही दिख राहा है 'अब यह तस्वीर बताने के लिए कम नहीं है लोग कितने महीने से गंदा पानी के बीच मे रहकर जीवन जी रहे है इतना ही नही घरों के अंदर भी नाली वा तालाब



नगर पालिका क्षेत्र में जलभराव का दृश्य

का पानी घुस जा रहा है उसके बाद भी नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी अंधे बने हुए है इनको किसी की बीमारी वा बीमारी से क्या लेना देना इनको टाइम पास कर अधिशाषी अधिकारी को बता कर साफ सफाई टना टन कर दी गई गुमराह करना इनका काम है वही स्वास्थ विभाग भी मौके पर मूक दर्शक बना हुआ यह देख रहा है की कोई बड़ी घटना घटे नगर वासियों ने जिलाधिकारी की ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कस्बा में जल निकासी के मद मे जो नाली नाला बनवाया गया है उक्त ठेकेदार द्वारा बनवाया गया नाली वा नाले की विधिवत जांच कराई जाय।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से चार थाना पश्चिम शरीरा से तीन थाना सराय अकिल से तीन थाना कोखराज से एक थाना मोहब्बतपुर पइसा से दो थाना कड़ाधाम से एक कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त महेन्द्र कुमार मौर्य उर्फ दुधिया पुत्र संतलाल निवासी नगरेहा खुर्द थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सरायअकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजेश पुत्र जगन निवासी भगवानपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर वधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# विश्व कल्याण हेतु तीन दिवसीय सत्संग का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ में तपोभूमि विश्व कल्याण आश्रम कबीरधाम द्वारा 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तीन दिवसीय सुखद सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया सुखद सत्संग कार्यक्रम के आयोजक सुरेंद्र केसरवानी बबीता केसरवानी शिवम केसरवानी आदि लोगों ने सत्संग आयोजन में भव्य व्यवस्था की है राजस्थान बिहार छत्तीसगढ़ भ्रमण करते हुए कौशांबी? के तिल्हापुर मोड़ में पहुँचे संत ने सत्संग का आयोजन किया हैसुखद सत्संग कार्यक्रम में इलाके के सैकड़ों महिला-पुरुष भक्त प्रतिदिन शामिल होकर सत्संग सुन रहे हैं राष्ट्रीय संत श्री श्री असंग देव महाराज के मुखारविंद से निकले सत्संग को सुनने के लिए इलाके की भीड़ उमड़ पड़ी है और सत्संग सुनने के बाद भक्तों ने उसकी सराहना की सत्संग के समापन के बाद 1 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।





सत्संग में भक्तों को धर्म के बारे में बताते संत व उपस्थित भीड़

## गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना मंझनपुर पर पंजीकृत मुकदमा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक सोनी पुत्र मनोज सोनी निवासी हनुमान मंदिर सराय अकिल थाना सराय अंकिल को जयन्तीपुर गेट के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पश्चिम शरीरा में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

## गांजा के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो० नफीस पुत्र मो० नसीम निवासी खैरई थाना खागा जनपद फतेहपुर को बकोढ़ा पुलिया के पास से 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

संपादकीय

# भारतीय विदेश नीति की दो उपलब्धियां

**भारतीय** विदेश नीति की दो उपलब्धियों ने मेरा ध्यान बरबस खींचा है। एक तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा भारत की सराहना और दूसरी भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हुई बातचीत। इन मुद्दों पर यह शक बना हुआ था कि भारत की नीति से इन दोनों राष्ट्रों को कुछ न कुछ एतराज जरूर है लेकिन वे संकोचवश खुलकर बोल नहीं रहे थे। अब यह स्पष्ट हो गया है कि रूस और ब्रिटेन, दोनों ही भारत की नीति से संतुष्ट हैं और उनके संबंध भारत से दिनोंदिन घनिष्ट होते चले जाएंगे। पहले हम रूस को लें। भारत ने यूक्रेन पर रूसी हमले का कभी दबी जुबान से समर्थन नहीं किया लेकिन उसे अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्रों की तरह रूस के विरुद्ध आग भी नहीं बरसाई। उसने यूक्रेन से अपने हजारों नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला, उसे टनों अनाज भेंट किया और कुछ प्रस्तावों पर संयुक्तराष्ट्र संघ में उसका साथ भी दिया। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में साफ-साफ कह दिया कि यह वक्तत युद्ध का नहीं है। रूस-यूक्रेन युद्ध तुरंत बंद होना चाहिए। शायद इसी का असर था कि पुतिन ने परमाणु युद्ध की आशंका से त्रस्त सारे विश्व को आश्वस्त किया कि उनका इरादा परमाणु बम चलाने का बिल्कुल नहीं है। अब उन्होंने मास्को के एक थिंक टैंक में भाषण देते हुए न केवल मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा की बल्कि कहा कि इस संकट के दौरान भारत के साथ रूस का कृषि व्यापार दुगुना हो गया, उर्वरक निर्यात 7-8 गुना बढ़ गया और आपसी व्यापार 13 अरब से कूदकर 18 अरब डॉलर का हो गया। रूसी तेल ने भारत की जरूरत पूरी कर दी। पुतिन ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति की जमकर तारीफ की है।

यह तब है जबकि भारत अमेरिका के साथ कई मोर्चों पर पूरी तरह सहयोग कर रहा है। चीन को इससे काफी जलन हो रही है लेकिन भारत के बारे में रूस का मूल्यांकन सही है।

इसी तरह ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने के पूरे आसार दिखाई पड़ने लगे हैं। ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री बनते ही अपने विदेश मंत्री को सबसे पहले भारत भेजा है। मोदी और सुनक की बातचीत से मुक्त व्यापार का रास्ता काफी साफ हुआ है। लंदन में यह डर बताया जा रहा था कि उक्त समझौता यदि हो गया तो ब्रिटेन में भारतीयों की भरमार हो जाएगी और वे ब्रिटिश बाजारों पर कब्जा कर लेंगे। इसके अलावा ब्रिटेन चाहता है कि उसकी मोटरसाइकिलों, शराब, केमिकल्स और अन्य कई चीजों पर भारत ज्यादा टैक्स-ड्यूटी न लगाए।

# भारतवंशियों का वैश्विक बोलबाला

संजीव

**भारतवंशी** बहुत पहले श्रमिक बन कर विदेश पहुंचे थे और वर्षों से मेहनत, ईमानदारी, निष्ठा और आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत के दम पर धीरे-धीरे अपना स्थान विदेशों में बनाया। मॉरीशस, फिजी, गुयाना, पुर्तगाल फिर अमेरिका और अब ब्रिटेन में सत्ता की शीर्ष पर पहुंचे।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति बनने के साथ ही कमला हैरिस ने निष्ठा, आस्था और इमानदारी का परचम लहराया उसके पश्चात ब्रिटेन में ऋषि सुनक ने अपनी जिजीविषा ,संघर्ष, शिक्षा और ज्ञान के दम पर ब्रिटिश की सत्ताधारी पार्लियामेंट पर प्रधानमंत्री का पद हासिल किया है। इन सभी देशों में भारतवंशियों ने अपनी मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया है। इसमें उन्होंने यह पद किसी की मेहरबानी अथवा किसी के एहसान के फल स्वरुप दान स्वरूप प्राप्त नहीं किया और भारतवंशियों की उस देश के प्रति निष्ठा, ऊर्जा, शक्ति और निरंतर मेहनत का प्रतिफल ही है कि वे उस देश के शीर्ष पद पर बैठे हैं। भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व क्षमता के दम पर पहले से बहुत अधिक बेहतर बनाया है' विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी बहुत ज्यादा रहा है' भारत की गुटनिरपेक्ष विदेश नीति भारतीय हित के लिए बेहतर परिणाम लाने वाली होगी। ईश्वर ना चाहे कि विश्व युद्ध हो पर यदि वैश्विक युद्ध छेड़ा गया तो भारत एकमात्र राष्ट्रों का जिस की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष थक गई होगी और संभव है कि भारत विश्व का गुटनिरपेक्ष नेता होगा। भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है' इसमें दो मत नहीं कि इसमें वर्तमान एवं पूर्व के प्रधानमंत्रियों को भी बड़ा योगदान रहा है' प्रथम जवाहरलाल नेहरू की पंचशील के सिद्धांत की नीति और उनके भविष्य की कल्पना ने भारत को विकास की नई दिशा में अग्रसर किया है। पिछले 8 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है' भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है।स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है' वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है' वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा है'

# राष्ट्रीय एकता के हिमायती थे सरदार पटेल

रमेश सर्राफ धमोरा

**भारतीय** राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। जिस अदम्य उत्साह, असीम शक्ति से उन्होंने एकीकृत देश की प्रारम्भिक कठिनाइयों का समाधान किया। भारत की स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चैथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली।

सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की। गृहमंत्री के रूप में वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतरू नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ



भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निमार्ता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए छः सौ छोटी- बड़ी रियासतों का भारत में विलय कराया। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी।

लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी।

> जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा

इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है।

इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा। जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं। सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते। सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था। सरदार पटेल को उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया जो उन्हे बहुत पहले मिलना चाहिये था। वर्ष 2014 में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना शुरू कर उनको सम्मनित किया है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# आजादी का अमृतकाल और अखंड भारत के स्वप्न का विस्तार

डॉ. अशोक कुमार भार्गव

**संपूर्ण** भारत के लिए अदम्य शक्ति और फौलादी संकल्प के महानायक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत निर्माण के मुख्य शिल्पकार हैं। उन्होंने 565 देसी रियासतों का स्वतंत्र भारत में एकीकरण कर राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की। इनके अतुल्य योगदान के बिना भारतीय मानचित्र का भव्य स्वरूप आज जैसा है वैसा दिखाई नहीं देता। उनके समग्र अवदान को कृतज्ञ राष्ट्र राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में नमन कर रहा है। वल्लभ भाई का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में हुआ था। सरदार पटेल ने ब्रितानी हुकूमत की अमानवीय बेगार प्रथा समाप्त कराने के बाद 1918 में खेड़ा के किसानों के लिए सत्याग्रह किया। किन्तु सरकार ने कर वसूली स्थगित नहीं की। पटेल ने शांतिपूर्ण ढंग से संघर्ष का आह्वान किया और किसानों का विश्वास अर्जित करते हुए स्वयं विदेशी वस्तुओं का त्याग किया और धोती, कुर्ता और टोपी पहन किसानों के बीच साथ में बैठ संघर्ष किया । अंततः वे दृढ़ संकल्प के कारण अपने उद्देश्य में कामयाब हुए। गांधीजी ने कहा यदि मुझे वल्लभभाई न मिले होते तो जो काम आज हुआ है वह नहीं होता। सन 1928 में सरदार पटेल के नेतृत्व में बारदोली में सत्याग्रह प्रारंभ हुआ । इसकी वजह यह थी कि अंग्रेजों ने 1927 में किसानों पर 30 फीसदी लगान बढ़ा दिया था। पटेल ने किसानों में अद्भुत साहस का संचार किया और किसानों की संगठन शक्ति के समक्ष अंग्रेज सरकार कमजोर पड़ी और बढ़े हुए लगान को माफ कर दिया।इस आंदोलन की चमत्कारी कामयाबी से देशवासियों में नया आत्मविश्वास, स्वाभिमान, आशा और चेतना का संचार हुआ। गांधीजी ने आंदोलन की सफलता पर बारडोली के जननायक को सरदार कहकर संबोधित किया । तभी से वे समस्त भारतीय ह्रदय के सरदार हो गए । सरदार पटेल बापू के सजग अनुयायी थे किंतु अंधभक्त नहीं। उन्होंने गांधी के सभी आंदोलनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । असहयोग, स्वदेशी, सविनय अवज्ञा और भारत छोड़ो आंदोलन, भारतीय ध्वज फहराने पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून के विरुद्ध नागपुर में झंडा सत्याग्रह,नमक सत्याग्रह , रौलट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह आदि में सरदार की संचालक और प्रबंधकीय भूमिका ने स्वाधीनता संघर्ष के फलक को व्यापक कर उसे नई ताकत दी और देशवासियों के स्वाभिमान को जागृत किया। जनसेवक और समाज-सुधारक के रूप में अस्पृश्यता निवारण, जातिगत भेदभाव, नशा मुक्ति, महिला मुक्ति,बोरसद तालुका को खुंखार डाकू के आतंक से मुक्ति गुजरात विद्यापीठ की स्थापना, सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, सत्याग्रह पत्रिका का प्रकाशन, सहकारी आंदोलन का मार्गदर्शन, कल्याणकारी राज्य,निवेश आधारित विकास और बाहरी संसाधनों पर निर्भरता कम करने की वकालत, भीषण बाढ़,अकाल,प्लेग महामारी आदि के समय स्वयं बीमार होते हुए पीड़ितों की सेवा उनके श्रेष्ठतम रचनात्मक कार्यों का प्रमाण है। अंग्रेजों ने कूटनीति से भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 में 'लैप्स आफ पैरामाउंसी' से यह स्वतंत्रता दे दी कि वे चाहें तो आजाद रह सकते हैं अथवा भारत-पाकिस्तान किसी भी देश में अपना विलय कर सकते हैं । निसंदेह अंग्रेजों का यह षड्यंत्र अखंड भारत के निर्माण में लाइलाज नासूर के रूप में काम करता यदि सरदार पटेल ने दृढ़ता पूर्वक अपनी विलक्षण बुद्धि,अनोखी सूझ बूझ,दूरदर्शिता,आवश्यकतानुसार साम दाम दंड भेद की नीति तथा अंतिम विकल्प के रूप में बल प्रयोग कर जूनागढ़, हैदराबाद और कश्मीर जैसी रियासतों को भारत में सम्मिलित नहीं किया होता। वस्तुतः भारत की आजादी की घोषणा के साथ ही अधिकांश रियासतों ने यह अर्थ लगा लिया कि अब वे संप्रभुता संपन्न राज्य हो जाएंगे। 12 जून 1947 को त्रावणकोर राज्य ने बाद में हैदराबाद निजाम ने अपने स्वतंत्र अस्तित्व की घोषणा कर दी । सरदार पटेल के मन में पूर्व से ही एक अखंड भारत का स्वप्न था। उन्होंने संदेश में कहा- "हमारी खंडित अवस्था और एक होकर मुकाबला न करने की हमारी अयोग्यता का ही परिणाम था कि भारत को आक्रमणकारियों का शिकार होना पड़ा। हम सभी रक्तभावना और हितों की समानता से बंधे हैं। हमें कोई भी खंडों में विभाजित नहीं कर सकता । ऐसी रुकावटें जो पार नहीं की जा सकें हमारे बीच खड़ी नहीं की जा सकतीं। चार दिन बाद विदेशी सरकार चली जाएगी । आपके राज्यों की भीतरी अशांति को दूर करने का केवल एक ही उपाय है कि आप अपने अपने राज्यों को भारत सरकार के नियंत्रण में सौंप दे। अन्यथा उनके साथ कठोर व्यवहार किया जाएगा।" सरदार पटेल की चेतावनी का व्यापक असर हुआ और उनके अथक प्रयासों से 14 अगस्त तक तीन रियासतों को छोड़कर लगभग सभी रियासतें भारत में सम्मिलित हो गईं। सरदार पटेल ने कतिपय रियासतों के उनके निकटवर्ती राज्यों में मिला दिया कुछ को भारत सरकार के सीधे नियंत्रण में ले लिया और कुछ को परस्पर मिलाकर एक नए संघ का रूप देकर स्वाधीन भारत को एकता के सूत्र में संगठित कर आधुनिक भारत के निर्माण का स्वप्न साकार कर दिया। यद्यपि जूनागढ़ नवाब ने जूनागढ़ को पाकिस्तान में विलय करने का ऐलान कर दिया वहां की प्रजा ने खुलेआम बगावत कर दी। इसके बाद पाकिस्तान से किसी प्रकार की सहायता न मिलने के कारण अकूत संपत्ति के साथ वह पाकिस्तान भाग गया और 9 नवंबर को जूनागढ़ का भारत संघ में विलय हो गया। दूसरी बड़ी रियासत हैदराबाद थी जो स्वतंत्र रहना चाहती थी। किंतु पटेल ने इसे अस्वीकार कर दिया। निजाम ने षड्यंत्र रचने शुरू कर दिए । भारत की आजादी के समारोह में भाग लेने वाली निर्दोष जनता पर अत्याचार प्रारंभ किए और भारत की अनुमति के बिना पाकिस्तान को 20 करोड़ रुपये का ऋण दे दिया। निजाम ने धमकी दी कि हैदराबाद में यदि हस्तक्षेप होगा तो वहां हिंदुओं की लाशों के अतिरिक्त कुछ नहीं मिलेगा। हैदराबाद के हालात बहुत ज्यादा बिगड़ने पर सरदार पटेल ने पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद जनरल चौधरी के नेतृत्व में 'ऑपरेशन पोलो' के तहत हैदराबाद में सेनाओं के भेज दिया। भारतीय सेनाओं ने हैदराबाद की सेनाओं को धूल चटा दी। निजाम की सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया। और 29 नवंबर को निजाम ने विलय पत्र समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए और इस प्रकार हैदराबाद भी भारत संघ में सम्मिलित हो गया। कश्मीर नरेश हरि सिंह भी स्वतंत्र राज्य का सपना देख रहा था । इसकी भनक लगते ही पाकिस्तान ने कबाइलों को उकसाया और कश्मीर पर आक्रमण कर दिया। कश्मीर नरेश को अपनी गलती का एहसास हुआ और भारत सरकार से सहायता की अपील की। सरदार पटेल ने कश्मीर को भारत संघ में सम्मिलित होने की शर्त पर मदद की। 27 अक्टूबर, 1947 को सैकड़ों भारतीय सैनिकों ने आक्रमणकारियों को कश्मीर से पीछे खदेड़ दिया और इस तरह से कश्मीर की स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। कश्मीर नरेश ने तुरंत भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर कर दिये ।

# केजरीवाल नैरेटिव गढ़ने में उस्ताद

राजीव खंडेलवाल

**भारतीय** राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अलग शैली का आज पूरा विश्व कायल है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस शैली को अपनाने की कोशिश करते नजर आते हैं। वह तरह-तरह के नैरेटिव गढ़ते हैं। वह शुरू से प्रधानमंत्री को कटघरे में खड़ा करते रहे। बात नालियों को साफ करने की ही क्यों न रही हो। लेकिन उसके दुष्परिणाम स्वरूप आप दिल्ली की लोकसभा की सातों सीटें हार गई। नगर निगम में भी सफलता नहीं मिली। राजनीतिक विश्लेषक संजय कुमार के अनुसार जब कोई प्रियनेता लोकप्रिय हो, तब उस पर हमला करने का असर उल्टा ही होगा। जैसा ह्यह्यचांद पर थूका हुआ वापस थूकने वाले मुंह पर ही पड़ता है ह्लह्ल आप पंजाब चुनाव में उतरी तब प्रधानमंत्री पर केजरीवाल पुनः आक्रामक हो गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का ध्येय वाक्य है माल कैसा भी हो, हांक हमेशा ऊंची लगानी चाहिये। आगे उदाहरणों से आप इस बात को अच्छी तरह से समझ जाएंगे। ताजा उदाहरण आपके सामने है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के जेल जाने की आशंका मात्र से उनकी तुलना शहीदे-आजम भगत सिंह से करने पर उन्हें शर्म तक नहीं आई। वैसे भी वर्तमान निम्न स्तर की नैतिकताहीन राजनीति में बेशर्म शरारतपूर्ण व अंहकार से भरे बयान पर शर्म का प्रश्न आप क्यों उठाना चाहते है? उससे भी बड़ी बेशर्म मीडिया निकली जिसने गधा मरे कुम्हार का और धोबन सती होय के समान उनके कथनों को हाथों-हाथ लेकर बार-बार सुना कर हमारे कानों को पका दिया। किसी भी मीडिया हाउस की केजरीवाल से यह कहने की हिम्मत नहीं हुई कि आपके द्वारा मनीष सिसोदिया की शहीद भगत सिंह से किसी भी रूप में तुलना किसी भी स्थिति में सही नहीं ठहराई जा सकती है और न ही की जा सकती है। आप अपनी तुलना के शब्द बाण वापस लीजिए व उक्त महती त्रुटि के लिए क्षमा मांगे अन्यथा हम आपके उन कथनों बयानों को प्रसारित नहीं करेंगे। शराब घोटाले में पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया ने सीबीआई पर ही बड़ा आरोप लगा दिया कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया गया था। परन्तु नाम बताने से परहेज किया गया। फिर भी मीडिया उनके इस बिना सिर पैर के तथ्यहीन बयान को बार-बार ब्रेकिंग न्यूज के रूप में चलाता रहा। यानी केजरीवाल के लिए तो मीडिया का रोल ऐसा है कि लड़े सिपाही और नाम सरदार का। इसके पूर्व भी ऑपरेशन लोटस द्वारा विधायकों की खरीद-फरोद कर सरकार गिराने के मनीष सिसोदिया के आरोप के संबंध में भी आज तक उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया गया, जिसने पैसे ऑफर किये और न ही उस तथाकथित विधायक/व्यक्ति का कथन, शपथ पत्र या पहचान तक बताई गई, जिसे ऑफर किया गया हो। यह झूठी, मनगढ़ंत न्यूज भी कई दिनों तक चलती रही। हद तो तब हो गई जब सीबीआई द्वारा पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया के सिर पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार जो अंततः गिरी नहीं तथ्य के बावजूद केजरीवाल ने गुजरात के मेहसाणा जिले के उंझा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया का गुजरात चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने जनता से जेल के ताले टूटेंगे मनीष सिसोदिया छूटेंगे के नारे भी लगवाए।

इस सफेद नहीं काले झूठ को मीडिया ने जिस तरह सुर्खियां देकर चलाया उससे साफ हुआ कि देश की राजनीति के नैरेटिव गढ़ने में केजरीवाल उस्ताद हैं। जिस तरह सोती हुई लोमड़ी सपने में मुर्गियां ही गिनती रहती है, राजनेता तथा आम नागरिकों के लिए नए-नए अन्य अकल्पनीय नैरेटिव देने वाले केजरीवाल के ताजा नैरेटिव को भी देखिए। देश की करेंसी में भगवान श्री गणेश और लक्ष्मी माता की तस्वीर लगाने की मांग। केजरीवाल द्वारा बताये कारणों के प्रतिफल/परिणाम का तो भविष्य में ही पता लगेगा। परन्तु क्या केजरीवाल ने इस बात की पूर्ण संतुष्टि व सुरक्षा की गारंटी कर ली है कि इन तस्वीरों वाली करेंसी का दुरुपयोग भ्रष्टाचार, कालाबाजारी, नशा, वेश्यागमन आदि समस्त बुराइयों में नहीं होगा? अन्यथा इन बुराइयों के लिए उपयोग की जाने वाली करेंसी अवैध मानी जाएगी? (केजरीवाल तो नए-नए अप्रचलित सुझावों को देने में माहिर हैं?) क्योंकि ये हमारी संस्कृति व आस्था के प्रतीक हैं।

## लौह पुरुष की राष्ट्र भूमिका

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर अपने राष्ट्र, मानवीय कल्याण मानवता के लिए मिसाल बनने के लिए सदियों से सृष्टि की इस धरा पर अनेकों व्यक्तित्वों का जन्म हुआ है। वैसे राष्ट्र माननीय कल्याण के कार्य कर जनता के हृदय में विशेष स्थान बनाना कोई आसान काम नहीं है, क्योंकि पूरा जीवन उनके लिए समर्पित करना होता है और बिना फल चाहत के सेवा के मूल्यों को समझकर रात दिन एक करके सेवा कर लक्ष्यों को प्राप्त करना होता है और वह सटीकता से अपना काम कर जीवन मरण के बंधनों से मुक्त होकर अमर हो जाते हैं। भले ही उनका शरीर नहीं रहता परंतु हर पल उनकी याद पीढ़ी दर पीढ़ी रोशनी की तरह जगमगाती रहती है। वैसे विश्व सहित भारत में भी अनेकों ऐसे महान व्यक्तित्व हैं, परंतु चूंकि 31 अक्टूबर 2022 को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147 वीं जयंती है, जिसे एकता दिवस के रूप में भी मनाते हैं, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि भारत को आजाद कराने और उसके बाद पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में लौह पुरुष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथियों बात अगर हम लौह पुरुष जयंती के कार्यक्रमों की करें तो भारत सरकार ने जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है जिसमें अनेकों राज्यों द्वारा अनेकों कार्यक्रमों के अलावा 31 अक्टूबर 2022 को सुबह 7 से 8 तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम किया गया है जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापक या वरिष्ठ अध्यापक, विद्यार्थी जो लौह पुरुष के राष्ट्रीय एकता में उनकी भूमिका भी बताएंगे।

# भाजपा ने की निकाय चुनाव जीतने को मंत्रणा




**अखंड भारत संदेश**

चित्रकूट। भाजपा ने नगर पालिका परिषद कर्वी, नगर पंचायत राजापुर, मानिकपुर, मऊ की निकाय चुनाव बाबत बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में की। बतौर मुख्य अतिथि कानपुर-बुन्देलखण्ड के अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह व प्रदेश मंत्री देवेश कोरी मौजूद रहे। रविवार को जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने राजापुर, कर्वी, मानकपुर, मऊ के संयोजकों से मतदाताओं के नाम जोडवाने व फर्जी चढे नामों को कटवाने को कहा। वार्डों की बैठक, बूथों की बैठकों, बूथ कमेटियों में एक से 17 नवम्बर तक पार्टी के जनहित में किये कार्यों के पम्पलेट घर-घर देकर सम्पर्क करने को कहा। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती पर प्रत्येक नगर निकाय वाले क्षेत्र में रन फार यूनिटी और वोटरलिस्ट मिलने के बाद प्रमुख बनाने के कार्य करने हैं। हर हाल में भाजपा को सभी निकाय की सीटों को जीतने की अभी से तैयारी पूरी करें, क्योंकि यह चुनाव 2024 के चुनाव का सेमीफाइनल है।

प्रदेश मंत्री देवेश कोरी ने कहा कि टिकट किसी को मिले, सबको मिलकर प्रत्येक वार्ड के साथ निकाय क्षेत्र में कमल खिलाने का काम करना है। जिलाध्यक्ष खरे ने सभी सीटों को जीतने का भरोसा दिया। बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, रमेशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, चेयरमैन नगर पालिका नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, सुशील द्विवेदी, बद्री त्रिपाठी, लवकुश चतुर्वेदी, दिनेश तिवारी, अश्वनी अवस्थी, राघवेन्द्र सिंह, अर्जुन शुक्ला, मुन्ना करवरिया, राजेश जायसवाल, शिवशंकर सिंह, पंकज अग्रवाल, दिव्या त्रिपाठी, डॉ रणवीर सिंह चैहान, जयप्रकाश पाण्डेय, महेन्द्र कोटार्य, प्रेमलाल बाल्मीकि, हीरो मिश्रा, राजीव त्रिपाठी, बृजेन्द्र शुक्ला, जवाहर सोनी, जगदीश गौतम व सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# फर्जी ढंग से वन विभाग की बेंची भूमि, 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

चित्रकूट। कर्वी तहसील क्षेत्र के भंभई गांव में वन विभाग के संरक्षित आठ बीघे भूमि का फर्जी ढंग से अलग खाता सख्या बनाने के बाद अन्य लोगों के नाम दर्ज कर ली गई। अलग-अलग खतौनी बनाई गई। दर्ज होने के बाद लोगों ने करोडों की जमीन बेंच डाला है। राजस्व विभाग ने शिकायत पर जांच की तो क्षेत्रीय लेखपाल ने पांच सगे भाइयों समेत 14 लोगों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रविवार को एसडीएम राजबहादुर सिंह ने बताया कि लेखपाल ने 14 लोगों के खिलाफ कर्वी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। अभिलेखों की हेराफेरी की जांचकर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। भंभई गांव में वन विभाग की गाटा संख्या 455 में 51 बीघा 17 बिस्वा जमीन संरक्षित है। पूर्व लेखपाल अबरार हुसैन ने आठ बीघा जमीन 1381-82 फसली के दौरान वन विभाग के गाटा संख्या की डबल इंट्री 455/2 करते हुए आठ बीघा दूसरों के नाम कर दी। लेखपाल राजेश वर्मा के मुताबिक वन विभाग का मूल गाटा 1359 व 1360 फसली खतौनी में दर्ज रहा है। डीएम के यहां शिकायत पहुंचने पर जांच टीम गठित की तो ये खुलासा हुआ।

लेखपाल की तहरीर पर कर्वी कोतवाली के भूरा निवासी भंभई, सगे भाई रविकरन, रामशरण, एवनलाल, शिवशरण, दुर्गा प्रसाद पुत्रगण सिद्धगोपाल निवासी अहमदगंज के अलावा खुटहा के सुखनिधान, नरसिंहपुर कबरहा जिला फतेहपुर के अमित सिंह, गणेश प्रसाद आर्यनगर मानिकपुर, बृजभान सिंह निवासी जानकीकुण्ड, राजीव निवासी सीतापुर, राजेश निवासी प्रयागराज, सचीन्द्र निवासी सीतापुर, विजय बहादुर सिंह निवासी शीतलपुर तरौंहा के खिलाफ धोखाधडी, 26 भारतीय वन अधिनियम व 3/4 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। कर्वी कोतवाल अवधेश मिश्रा ने बताया कि इन लोगों ने खुद के नाम दर्ज होने के बाद संबंधित जमीन को बेंच डाला है। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

# दीपावली की गन्दगी हो रही धीरे-धीरे साफ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने 41वें स्वच्छता अभियान के तहत बरहा हनुमान मन्दिर के पास जिला प्रशासन के सहयोग से अभियान चलाया। अभियान में भारी तादाद में कचरा बाहर निकाला गया। रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति में दीपावली अमावस्या में श्रद्धालुओं के गन्दगी फैलाने पर बरहा हनुमान मन्दिर के पास अभियान चलाया। गन्दगी धीरे-धीरे साफ हो रही है। अपने आसपास साफ-सफाई की लोगों से अपील की गई। आम जनमानस को



स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। घर से निकाला कूडा-करकट रोड में न फेंकने की अपील की। साफ-सफाई जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। स्वच्छता दबाव में नहीं, एक अच्छी आदत के रुप में विकसित करें। स्वच्छता अभियान में ईओ नगर पालिका रामअचल कुरील, समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी, सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, समन्वयक शिवा कुमार, जानकी कुशवाहा, विवेक गुप्ता, शुभम गुप्ता, अंकुर केशरवानी, राजेन्द्र त्रिपाठी, गया प्रसाद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# जिले में खुले 13 धान खरीद केन्द्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धान खरीद केन्द्रों में सीधे किसानों से धान की खरीद एक नवम्बर से शुरू होगी। जिले के किसानों से धान खरीदने को 13 क्रय केन्द्र खाद्य विभाग ने खोले हैं।

रविवार को जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने बताया कि धान खरीद केन्द्र को कर्वी मंडी स्थल, पहाडी मंडी स्थल, बरगढ मंडी स्थल, मानिकपुर पीडीएस गोदाम परिसर व पीसीएफ संस्था के ऐंचवारा, मऊ, पहाडी, उत्तरी परसौंजा, गाहुर, खण्डेहा, रामनगर व हरदौली में भारतीय खाद्य निगम का एक क्रय केन्द्र रसिन में बनाया गया है। सरकारी धान खरीद केन्द्रों में धान बेंचने को किसानों को आनलाइन पंजीयन कराना आवश्यक है। वर्ष 2022-23 के धान खरीद केन्द्र का पंजीकरण शुरू हो गया है।

उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 1028 किसानों ने धान बेंचने को पंजीकरण कराया है। पंजीकरण कराने को किसान भाई खाद्य विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते है। जिन किसानों ने पिछले वर्षों में धान, गेहूं खरीद में पंजीकरण कराया था, उन्हें पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। पुराने पंजीकरण में सूचनाओं को संशोधि करना होगा। किसान भाई किसी भी जनसेवा केन्द्र, साइबर कैफे में जाकर अथवा स्वयं मोबाइल से कर सकते हैं। न्यूनतम धान समर्थन मूल्य 2040 रुपये एवं ग्रेड ए का 20600 रुपये प्रति कुंटल है। धान खरीद में भुगतान किसानों को बैंक खातों में किया जायेगा। पंजीकरण कराने से पहले किसान भाई सुनिश्चित कर लें कि उनके आधार नम्बर से लिंक मोबाइल नम्बर अपडेट है या नहीं। बैंक खाते में ई-केवाईसी की जा चुकी है। बैंक खाते का एनपीसीएल मैपिंग होना अनिवार्य है।

# जल संस्थान बेखौफी से नदी में गिरा रहा सीवर की गंदगी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामघाट के नजदीक बने सम्पवेल से मंदाकिनी नदी में सीवर की गंदगी लगातार बहाई जा रही है। बेखौफ होकर आस्था को चोटहिल किया जा रहा है। जब भी शिकायत करो तो नया बहाना विभाग बनाता है। बुन्देली सेना ने जिलाधिकारी से मौका मुआयना करने की मांग की है।

रविवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि सम्पवेल का संचालन जल संस्थान कर रहा है। तीन कर्मचारी 8-8 घण्टे की ड्यूटी पर तैनात हैं। बावजूद इसके अक्सर सम्पवेल की गंदगी सीधे नदी में गिराई जाती है। विभाग से शिकायत करने पर विभाग का नया




जवाब मिलता है। इस बार विभाग का नया बहाना है कि चाभी से वह जगह पूरी तरह नहीं कस रही, जहां से सीवर नदी में खोला जाता है। लिहाजा नदी में सीवर की गंदगी जा रही है। बुन्देली सेना ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मांग की है कि एकबार सम्पवेल का मौका मुआयना किया जाये। पन्नालाल घाट के सामने मंदाकिनी नदी में मिट्टी के टीले को भी जेसीबी से हटवाए जाने का अनुरोध किया। इस टीले की वजह से नदी में अनावश्यक गंदगी होती है।

# क्षेत्र का विकास कर अमन से रहें: विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी उर्फ नन्दी महाराज ने करौंहा गांव में आदिवासी सम्मान समारोह में लोगों को अंगवस्त्र भेंट किया। लोगों ने विधायक को फूल-मालाओं से स्वागत किया।

रविवार को विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने लोगों की पानी, बिजली की समस्या सुनी। मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि जनता को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। आदिवासियों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की जानकारी ली। आवास न होने पर कैम्प लगाकर पट्टा देने की बात कही। विधायक ने कहा कि योगी की सरकार में ददुआ नहीं निकलने



वाला। बदमाशी करने वाले को सीधे हवालात में भेजा जायेगा। गरीबों को सीधे लाभ मिल रहा है। मोदी व योगी ने सीधे किसानों के खाते में सम्मान निधि दे रहे है।

विधायक ने कहा कि मनरेगा का पैसा फर्जी निकालने पर सीधे जेल भेजा जायेगा। जनता के लिए जनहित के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। उनका उद्देश्य सिर्फ गरीबों की सेवा करना और हक दिलाना है। सभी से उम्मीद किया कि जाति-धर्म से ऊपर उठकर इस मुहिम में सहयोग करें और क्षेत्र का विकास कर अमन-शान्ति से रहें।

# पं रामकिंकर की जयंती पर जुटे श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विख्यात कथाकार पं रामकिंकर महाराज की जयंती समारोह तुलसी मार्ग स्थित रामकिंकर कुटीर में शुरू हो गया है। पहले दिन रामचरितमानस का पाठ किया गया।

रविवार को धर्मनगरी के तुलसी मार्ग स्थित रामकिंकर कुटीर में शनिवार से शुरू कथाकार की जयंती छह नवम्बर तक चलेगी। कार्यक्रम में भारी तादाद में भक्त पहुंच रहे हैं। धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गये हैं। पहले दिन नवान्ह पाठ की शुरूवात हुई।

आज वैदिक पूजन व अभिषेक आरती होगी। रात आठ बजे विद्वतजन रामचरितमानस का पाठ करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख यजमान जयनारायण अग्रवाल ने बताया कि पं रामकिंकर महाराज को चित्रकूट तीर्थक्षेत्र सबसे ज्यादा प्रिय था। वह यहां ज्यादातर विश्राम करते थे। उनकी याद में यहां पर कुटी बनवाई गई।

# आईसीसी टी-20 विश्व कप : न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 65 रन से हराया, ग्लेन फिलिप्स ने खेली शतकीय पारी

**सिडनी।** न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व कप ग्रुप 1 के 27वें मुकाबले में श्रीलंका को 65 रन से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड के अब तीन मैचों में 2 जीत के साथ पांच अंक हो गए हैं। न्यूजीलैंड का एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लेन फिलिप्स (104) के शानदार शतक की बदौलत अपने 20 ओवरों में 7 विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.2 ओवर में 102 रनों पर सिमट गई। 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और टिम साउथी ने पहले ही ओवर में पाथुम निसानका (00) को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। अगले ही ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने कुशल मेंडिस (04) को आउट कर श्रीलंकाई टीम को दूसरा झटका दिया। बोल्ट ने इसी ओवर में धनंजय डीसिल्वा (00) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को तीसरी सफलता दिलाई और स्कोर 5 रन पर 3 विकेट हो गया।

बोल्ट ने अपने दूसरे और पारी के चौथे ओवर में चरिथ असालंका (04) को आउट कर श्रीलंका को चौथा झटका दिया। मिशेल सेंटनर ने सातवें ओवर की पहली गेंद पर चमिका करुणारत्ने (03) को आउट कर श्रीलंका को एक और झटका दिया। इसी के साथ 24 के कुल स्कोर पर




श्रीलंका की आधी टीम पवेलियन लौट गई। इसके बाद छठे विकेट के लिए दासुन शनाका और भानुका राजपक्षा ने 23 गेंदों में 34 रनों की तेज साझेदारी की, खासकर भानुका ने कुछ अच्छे शॉट खेले। 10वें ओवर में 58 के कुल स्कोर पर लॉकी फर्ग्युसन ने भानुका को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। भानुका राजपक्षा ने 22 गेंदों में तीन चौके और 2 छक्के की बदौलत 34 रन बनाए। 12वें ओवर में 64 के स्कोर पर ईश सोढ़ी ने वानिंदु हसरंगा (04) को आउट कर अपनी टीम को सातवीं सफलता दिलाई। सेंटनर ने 65 के स्कोर पर महेश तीक्षणा (00) को पवेलियन भेज कर न्यूजीलैंड को आठवीं सफलता दिलाई। 17वें ओवर की आखिरी गेंद बोल्ट ने दसुन शनाका को आउट कर मैच का अपना चौथा विकेट लिया। शनाका ने 32 गेंदों पर 4 चौके और एक छक्के की बदौलत 35 रन बनाए। ईश सोढी ने 20वें ओवर में लाहिरु कुमारा (04) को आउट कर श्रीलंकाई पारी का अंत किया।

न्यूजीलैंड की तरफ से ट्रेंट बोल्ट ने 4, ईश सोढ़ी और मिचेल सैंटनर ने 2-2, लॉकी फर्ग्यूसन और टिम साउथी ने 1 इससे पहले ग्लेन फिलिप्स के शानदार शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के सामने जीत के लिए 168 रनों का लक्ष्य रखा है। न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 167 रन बनाए। फिलिप्स ने 12 रनों के व्यक्तिगत स्कोर पर जीवनदान मिलने का फायदा उठाते हुए 64 गेंदों पर 104 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। स्पिनरों महेश तीक्षाना और धनंजय डी सिल्वा ने खतरनाक सलामी बल्लेबाजों फिन एलन (1) और डेवोन कॉनवे (1) को वापस भेज दिया, जबकि तेज गेंदबाज कासुन रजिथा ने कप्तान केन विलियमसन (13 गेंदों में 8 रन पर) को चलता किया, जिससे श्रीलंका का स्कोर 3 विकेट पर 15 रन रन हो गया। इसके बाद फिलिप्स और डेरिल मिशेल (22) ने चौथे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को वापसी दिला दी। स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने मिशेल को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। मिशेल ने 24 गेंदों में 22 रन बनाए। 15 ओवर के अंत में, न्यूजीलैंड का स्कोर 4 विकेट पर 102 रन था, फिलिप्स ( नाबाद 65 ) के साथ ऑलराउंडर जिमी नीशम (1 *) क्रीज पर थे। फिलिप्स ने 61 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने न्यूजीलैंड को 18.5 ओवर में 150 रन का आंकड़ा पार करने में भी मदद की।

रजिता ने मैच का अपना दूसरा विकेट लेते हुए नीशम (5 रन) को पवेलियन भेजा और न्यूजीलैंड का स्कोर 5 विकेट पर 129 रन हो गया।

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने फिलिप्स (64 गेंदों में 104 रन) कोर आउट कर मैच का अपना पहला विकेट लिया। ईश सोढ़ी भी पारी की दूसरी आखिरी गेंद पर सिर्फ एक रन बनाकर रन आउट हो गए।न्यूजीलैंड ने अपने 20 ओवर में 7 विकेट पर 167 रन बनाए। मिशेल सेंटनर 11 और टिम साउदी 4 रन बनाकर नाबाद रहे।

# रोमांचक मुकाबले में तीन रन से जीता बंगलादेश

**ब्रिस्बेन।** बंगलादेश ने नजमुल हुसैन शान्तो (71) की अर्द्धशतकीय पारी के बाद तस्कीन अहमद (19/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे को टी20 विश्व कप 2022 के रोमांचक मुकाबले में रविवार को तीन रन से मात दी। बंगलादेश ने सुपर-12 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 151 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में जिम्बाब्वे 147 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की आधी टीम 69 रन पर पवेलियन लौट गई थी लेकिन शॉन विलियम्स और रायन बर्ल ने शेवरन्स की ओर से शानदार संघर्ष किया। दोनों के बीच छठे विकेट के लिये हुई अर्द्धशतकीय साझेदारी ने टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया था, हालांकि 19वें ओवर में विलियम्स के रनआउट होने से मैच बंगलादेश के पाले में पहुंच गया।

आखिरी ओवर में जिम्बाब्वे को 16 रनों की दरकार थी। दूसरी गेंद पर ब्रैड इवान्स के आउट होने के बाद रिचर्ड नगारवा ने तीसरी और चौथी गेंद पर एक चौका और एक छक्का जड़ा, लेकिन पांचवी गेंद पर वह भी स्टंप आउट हो गए।

जिम्बाब्वे को जब एक गेंद पर पांच रन चाहिए थे तब विकेटकीपर नूरुल हसन ने ब्लेसिंग मुज़रबानी को स्टंप करने के प्रयास में गेंद को विकेट के आगे से ही पकड़ लिया, जिसके कारण इसे नो-बॉल करार दिया गया। थर्ड अंपायर के फैसला सुनाने के बाद हाथ मिलाकर मैदान से बाहर जा चुके खिलाड़ी




वापस आए, हालांकि इस बार भी मुजरबानी गेंद को नहीं छू सके और बंगलादेश ने तीन रन से मैच जीत लिया।

इससे पूर्व बंगलादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए धीमी शुरुआत की। टीम के दो विकेट 32 रन पर गिरने के बाद शान्तो ने कप्तान शाकिब अल हसन के साथ 54 रन की साझेदारी की। शाकिब ने 20 गेंदों पर एक चौका लगाकर 23 रन बनाये जबकि शंटो ने 55 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की बदौलत 71 रन की पारी खेली। शान्तो ने अपना अर्द्धशतक पूरा करने के बाद 16वें ओवर में हाथ खोलकर ब्रैड इवान्स को एक छक्का और दो चौके जड़े, हालांकि अगले ओवर में वह आउट हो गए।


इसके बाद अफीफ ने 19 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के के साथ 29 रन बनाकर बंगलादेश को 150/7 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुज़रबानी ने 13 रन देकर दो विकेट लिये, हालांकि उन्होंने दो ही ओवर फेंके। इसके अलावा रिचड नगारवा ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिये जबकि सिकंदर रज़ा और शॉन विलियम्स को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

# सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में दो बम ब्लास्ट, अब तक 100 लोगों की मौत

**सोमालि।** सोमालिया की राजधानी राजधानी मोगादिशु में सरकारी कार्यालयों के करीब दो धमाकों में कम से कम 100 लोगों की मौत हुई है। सोमालिया के राष्ट्रपति ने मौतों की पुष्टि की है। बताया गया है कि जिस जगह धमाके हुए वहां भारी भीड़ जुटी हुई थी। राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि सोमालिया की राजधानी में प्रमुख सरकारी कार्यालयों के पास एक व्यस्त जंक्शन पर शनिवार को दो कार बम विस्फोट हुए, जिसमें बच्चों सहित 'सैकड़ों नागरिक हताहत' हुए।

सोमालिया की न्यूज एजेंसी ने पुलिस प्रवक्ता सादिक डोदिशे के हवाले से कहा कि सोमालिया की राजधानी में प्रमुख सरकारी कार्यालयों के पास एक व्यस्त जंक्शन पर दो कारों में लगाए गए बमों में धमाका हुआ है। जिसमें बच्चों सहित कई नागरिक हताहत हुए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटनास्थल पर कई शव देखे गए। धमाके में मारे गए लोगों में लगभग सभी आम नागरिक हैं। मृतकों में कई लोग सार्वजनिक वाहनों में यात्रा कर रहे थे।

मदीना अस्पताल के एक स्वयंसेवक हसन उस्मान ने बताया कि 'अस्पताल में लाए गए मृत लोगों में से अधिकांश महिलाएं हैं। मैंने इसे अपनी आंखों से देखा है।÷ अस्पताल और अन्य जगहों पर घबराए हुए परिजन प्लास्टिक से ढंके बैग में रखे शवों में अपने प्रियजनों की तलाश



करते नजर आए। अब्दिरजाक हसन नाम के एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि पहला धमाका शिक्षा मंत्रालय की दीवार के पास हुआ, जहां रेहड़ी-पटरी पर सामान बेचने वाले और पैसे बदलने वाले थे। उन्होंने कहा कि ÷जब दूसरा धमाका हुआ तब मैं 100 मीटर की दूरी पर था। कई लोगों की मौत होने के कारण जमीन पर पड़े शवों की गिनती नहीं कर सका।' पुलिस के मुताबिक, दूसरा ब्लास्ट एक व्यस्त रेस्तरां के सामने लंच के समय हुआ। विस्फोटों ने कई रेस्तरां और होटलों वाले एक क्षेत्र में टुक-टुक (टैक्सी के रूप में इस्तेमाल किया जाने वाला तीन पहियों वाला मोटर चालित वाहन) और अन्य वाहनों को ध्वस्त कर दिया। एंबुलेंस सेवा के निदेशक ने बताया कि कई घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और मौके से कई शव लाए गए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी अब तक किसी संगठन ने नहीं है। हालांकि, चरमपंथी संगठन अल-शबाब शहर को निशाना बनाता रहा है।

मोगादिशु में धमाके की टाइमिंग भी चौंकाने वाली है। दरअसल, सोमालिया के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए राजधानी में ही बैठक कर रहे थे। इसमें खासकर अलकायदा से जुड़े अल-शबाब समूह से निपटने पर चर्चा की जा रही थी। ठीक इसी स्थान पर पांच साल पहले भी एक बड़ा विस्फोट हुआ था, जिसमें 500 से अधिक लोग मारे गए थे।

# बेअदबी मामले में गिरफ्तार महिला पर भीड़ ने हमला करने की कोशिश की, कराची में पुलिस स्टेशन पर धावा

**इस्लामाबाद।** पवित्र कुरान की बेअदबी करने के मामले एक महिला को कथित तौर पर गिरफ्तार किए जाने के बाद गुस्साई भीड़ ने महिला पर हमला करने की कोशिश की और कराची में एक पुलिस थाने पर धावा बोल दिया। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईशनिंदा के एक मामले में गिरफ्तार महिला को भावनात्मक रूप से कमजोर बताया गया और उसका इलाज चल रहा है। यह घटना गुरुवार को हुई जब उपद्रवी प्रदर्शनकारी कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करते हुए न्यू कराची इलाके के पुलिस थाने में जबरदस्ती घुस गए क्योंकि वे कानूनी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे और खुद ही संदिग्ध को दंडित करना चाहते थे। महिला के लिए कड़ी सजा की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनावपूर्ण स्थिति और आक्रोश के बाद पुलिस और रेंजर्स की भारी टुकड़ी घटनास्थल



पर पहुंची। बाद में इलाके के एसएचओ अहमद नवाज ने डॉन को बताया कि पुलिस ने स्थिति को बिगड़ने से रोका और भीड़ को तितर-बितर कर दिया। प्राथमिकी के अनुसार, दो महिलाओं ने पुलिस को पवित्र कुरान की एक प्रति सौंपी है, जिसे आशंकि रूप से जला दिया गया था। घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिसमें संदिग्ध महिला स्पष्ट रूप से सवालों का जवाब दे रही है कि उसने कुरान को क्यों जलाया। डॉन के अनुसार, महिला कह रही है कि 'मैं यहूदी हूं ... मुसलमान यहूदियों के खिलाफ हैं ... इसलिए, उसने कुरान को जलाय' हालांकि, क्षेत्र के एसएचओ ने रेखांकित किया कि संदिग्ध मुस्लिम है और मूल रूप से दादू की रहने वाली है और फिलहाल न्यू कराची में रह रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पाकिस्तान में दर्ज मानवाधिकार के मामले एक नए निचले स्तर तक पहुंच गए हैं, जो कई मीडिया रिपोर्टों और वैश्विक निकायों के साथ देश में महिलाओं, अल्पसंख्यकों, बच्चों और मीडियाकर्मियों के लिए विकट स्थिति को दर्शाती है। दक्षिण एशियाई देश में हिंदू और ईसाई समूहों की स्थिति सामान्य रूप से खराब है, लेकिन इन समुदायों की महिलाएं अधिकारियों, राजनीतिक समूहों, धार्मिक दलों, सामंती ढांचे और मुस्लिम बहुसंख्यक के भेदभावपूर्ण रवैये से सबसे बुरी तरह प्रभावित हैं।

# विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने जयशंकर से यूक्रेन युद्ध व आतंकवाद मुद्दे पर की चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर को फोन कर यूक्रेन युद्ध, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और अन्य क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच शनिवार को बातचीत हुई। इस दौरान जयशंकर ने ब्लिंकन को आतंकवाद के खिलाफ ÷मजबूत और स्पष्ट संदेश÷ के साथ-साथ 26/11 के मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के उनके आह्वान के लिए धन्यवाद दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने शनिवार को दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत के बारे में कहा, ब्लिंकन और जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें आतंकवाद विरोधी सहयोग और यूक्रेन के खिलाफ रूस की निरंतर आक्रामकता का मुद्दा शामिल है। इससे पहले, जयशंकर ने शनिवार को ट्वीट किया था, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से बात करके अच्छा लगा। आतंकवाद और 26/11 की जवाबदेही पर कल उनके मजबूत और स्पष्ट संदेश के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। यूक्रेन संघर्ष और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।÷ ब्लिंकन ने शुक्रवार को मुंबई में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) के एक अनौपचारिक सत्र को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा था कि मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा नहीं देने से गलत संदेश जाएगा। ब्लिंकन ने कहा था, हम पर मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाने की जिम्मेदारी है, जिनमें उनके मास्टरमाइंड भी शामिल हैं।

## पाकिस्तान के क्वेटा शहर में कोर्ट के बाहर हमला, दो की मौत, सात जख्मी

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित क्वेटा शहर में कोर्ट के बाहर जोरदार सशस्त्र हमला किया गया। हमले में दो लोगों की मौत हो गयी और सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत लंबे समय से अशांत चल रहा है। यहां अलग बलूच राष्ट्र की मांग को लेकर आंदोलन चल रहे हैं। अब वहां की सत्र अदालत के बाहर जोरदार सशस्त्र हमला हुआ है। हमला इतना जोरदार था कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हमले में घायल सरदार नसीम तरीन के मुताबिक वह अदालत में सुनवाई के बाद बाहर आ रहा था। उसी समय उस पर अज्ञात व्यक्ति ने हमला किया। यह हमला पहले अदालत परिसर में हुआ। बाहर अन्य हमलावर भी प्रतीक्षा कर रहे थे। अदालत से बाहर निकलते ही अन्य हमलावरों ने भी उस पर गोलियां चलाई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी। गंभीर रूप से जख्मी सात लोगों को नजदीकी अस्पताल के ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। बलूचिस्तान में इस तरह हमला होना कोई नई बात नहीं है। 1947 में पाकिस्तान बनने के साथ ही स्वतंत्र बलूचिस्तान की मांग होने लगी थी। अब पिछले कुछ समय से यह मांग उग्र और हिंसक हो उठी है। बीते एक वर्ष से तो औसतन हर महीने कोई न कोई बड़ी हिंसक घटना को अंजाम दिया जाता है। दरअसल बलूचिस्तान पाकिस्तान में भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रांत है। पाकिस्तान के कुल क्षेत्रफल का 43 प्रतिशत बलूचिस्तान में आता है। इसके बावजूद शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की दृष्टि से यह क्षेत्र बहुत अधिक पिछड़ा हुआ है। यही कारण है कि बलूचिस्तान में रहने वाले अलग देश की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# हैलोवीन फेस्टिवल में भगदड़, 151 की मौत: साउथ कोरिया की घटना, घायल बोले- भीड़ में सांस भी नहीं ले पा रहे थे

**सियोल।** साउथ कोरिया की राजधानी सियोल में शनिवार देर रात हैलोवीन फेस्टिवल के दौरान भगदड़ मच गई। हादसे में 151 लोगों की मौत हो गई। 2 हजार से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि संकरी गली में लाखों लोगों के जमा होने के बाद भगदड़ मची।

पुलिस के मुताबिक, फेस्टिवल में ज्यादातर टीनेजर्स मौजूद थे। सभी ने डरवाना मेकअप किया हुआ था और डरवाने आउटफिट्स पहने थे। हादसे के दौरान वहां मौजूद लोगों ने आंखोंदखी बयां की। हाई स्कूल में पढ़ने वाली 17 साल की किम सियो-जोंग अपनी दोस्त के साथ फेस्टिवल में शामिल होने के लिए घर से निकली थी। भगदड़ में घायल हुई किम सियो-जोंग ने बताया- हम हैलोवीन सेलिब्रेशन



को लेकर बहुत एक्साइटेड थे। मैं अपनी दोस्त के साथ रात करीब 8 बजे इटावोन इलाके में पहुंची। वहां पैर रखने की जगह नहीं थी। हम आगे ही नहीं बढ़ पा रहे थे। हमने वापस घर जाने का सोचा लेकिन भीड़ होने के कारण हम कहीं नहीं जा पाए। लोग एक-दूसरे को धक्का दे रहे थे। अचानक से मेरे सामने खड़ा एक शख्स गिर गया। धक्का लगने की वजह से मैं भी गिर गई। एक के बाद एक मेरे पीछे खड़े लोग भी गिरने लगे। कुछ लोग मेरे ऊपर भी गिरे। मैं सांस नहीं ले पा रही थी। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। कुछ लोगों ने हमारी मदद की। जैसे-तैसे मैं और मेरी दोस्त वहां से बाहर निकल पाए।

**50 लोगों को सीपीआर दिया गया**

इमरजेंसी डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बताया कि कई लोगों को सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। इस सभी लोगों को सीपीआर दिया गया। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने अधिकारियों से घायलों को बेहतर इलाज देने का निर्देश दिया है। साथ ही उत्सव स्थलों की सुरक्षा की समीक्षा करने को कहा है। दिल के अंदर के हिस्सों में इंफॉर्मेशन फ्लो गड़बड़ा जाता है। इससे दिल की धड़कन अचानक बंद हो जाती है। वहीं, हार्ट अटैक में दिल के अलग-अलग हिस्सों में खून जम जाता है। ऐसे मामलों में तत्काल इलाज मिलने से मरीज की जान बच सकती है।

**ज्यादा एक्साइटमेंट से हो सकता है कार्डियक अरेस्ट**

डॉक्टर्स के मुताबिक, कार्डियक अरेस्ट किसी नॉर्मल इंसान को आ सकता है। कई बार ज्यादा एक्साइटमेंट होने के कारण 'एड एनर्जी ड्राइव' बढ़ जाती है। हार्ट कोलैप्स कर जाता है। हार्ट के मसल स्ट्रांग होने के कारण 'एड एनर्जी ड्राइव' के दौरान उनके मसल में सिकुड़न ज्यादा होने के केस भी सामने आए हैं। ऐसे समय में हार्ट का रिदम बिगड़ जाता है और कार्डियक अरेस्ट से अचानक मौत भी हो जाती है।

**बुराई की झांकियां, लेकिन खुशहाली और सकारात्मकता बढ़ाने का त्योहार है हैलोवीन**

हैलोवीन के दौरान बुराई की झांकियां पेश की जाती हैं। बड़े और बच्चे भूत, प्रेत, पिशाच की वेशभूषा में तैयार होते हैं। इसे त्योहार को मनाने वाले लोग मानते हैं इससे बुराई दूर होती है और सकारात्मकता बढ़ती है।

## लंदन में बीबीसी की हिंदू विरोधी नीति के खिलाफ प्रदर्शन

**लंदन।** ब्रिटेन के राष्ट्रीय समाचार प्रसारक ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) की हिंदू विरोधी नीति के खिलाफ भारतीय मूल के हिंदू लामबंद होने लगे हैं। दर्जनों ब्रिटिश हिंदू संगठनों ने बीबीसी के कथित रूप से हिंदू विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने और हिंदूफोबिक होने के खिलाफ यहां पोर्टलैंड के बीबीसी हाउस के सामने प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ब्रिटेन में हिंदुओं ने ट्विटर पर अभियान शुरू किया था।

ब्रिटिश हिंदू संगठनों का आरोप है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लक्षित गलत सूचना को मुख्यधारा के ब्रिटिश मीडिया द गार्जियन और बीबीसी बढ़ावा देते हैं। इससे लीसेस्टर में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा मिला। इससे दशकों से बहु-सांस्कृतिक सद्भाव के लिए प्रसिद्ध लीसेस्टर की साख को बट्टा लगा।

प्रदर्शन के आयोजकों का कहना है गकि बीबीसी का भारत और हिंदुओं को नकारात्मक तरीके से चित्रित करने का इतिहास पुराना है। इस प्रदर्शन के माध्यम से बीबीसी और द गार्जियन को कड़ा संदेश दिया गया है।इन दोनों मीडिया समूह ने लीसेस्टर और बर्मिंघम घटनाक्रम की सही तस्वीर प्रस्तुत नहीं की।

आयोजकों ने साफ किया है कि बीबीसी के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन सितंबर के अंत में द गार्जियन अखबार के खिलाफ हुए विरोध का अनुसरण करता है। इस विरोध के दौरान अखबार कार्यालय के बाहर तख्तियां रखी गई थीं। इनमें इस अखबार में छपे वह लेख थे जो भारत और हिंदुओं को असहिष्णु और चरमपंथी के रूप में प्रचारित करते हैं।

बीबीसी की असाधारण रूप से कड़ी निंदा में प्रदर्शन से पहले आयोजकों ने बयान भी जारी किया। इसमें कहा गया - 'इस्लामवादियों द्वारा लीसेस्टर हिंदुओं पर हिंसक हमलों की बीबीसी की कवरेज अब तक देखी गई सबसे खराब रिपोर्टिंग थी और इसने जातीय रूप से शुद्ध करने के प्रयास को छिपाने में योगदान दिया है। हिंदुओं के लीसेस्टर। इन संगठनों का कहना है कि वे तब तक विरोध करने के लिए कृतसंकल्प हैं जब तक कि 'बीबीसी वैश्विक स्तर पर हिंदुओं के प्रति अमानवीयता और अमानवीयकरण को बंद नहीं कर देता। 'बीबीसी प्रोटेस्ट' के कुछ आयोजकों में जाने-माने लोग शामिल हैं। इनमें प्रमुख हैं डॉ. विवेक कौल, डॉ स्नेह एस कथूरिया, पंडित सतीश के शर्मा, नितिन मेहता और दर्शन सिंह नागी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# फिलीपींस में बाढ़ और भूस्खलन से 72 लोगों की मौत:33 घायल और 14 लापता

**दक्षिणी प्रांत।** फिलीपींस के एक दक्षिणी प्रांत में भारी बारिश के चलते बाढ़ और भूस्खलन से 72 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही करीब 14 लोग लापता और 33 लोग घायल हैं। बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, इससे लोग अपने घरों में फंस गए हैं। पहले बारिश और भूस्खलन से मांगे गए लोगों की संख्या 45 बताई गई थी। बाद में नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गई टीम ने रिपोर्टिंग में गलती की थी। इसकी वजह से मौतों की गणना दोबारा की गई। राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा प्रमुख राफेलिटो एलेजांद्रो ने इसकी पुष्टि की है।

**कई इलाकों तक नहीं पहुंची मदद**

5 मुस्लिम स्वायत्त प्रांतों के गृह मंत्री नगुइब सिनारिम्बो के मुताबिक, मैगुइन्डानाओ प्रांत के 3 शहर इस आपदा से सबसे अधिक प्रभावित हैं। यहां बाढ़ और मलबे



में दबने से सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि पूरी रात भारी बारिश की वजह से पानी मलबे के साथ नदियों में आया है। इसके चलते कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है, कुछ इलाके हैं जहां तक हम अभी भी नहीं पहुंच पाए हैं।

**नालगेई तूफान है बारिश की वजह**

मौसम विभाग का कहना है कि तूफान नालगेई के चलते इलाके में भारी बारिश हो रही है। आज यानि शनिवार को इसके पूर्वी तट के इलाके से टकराने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिक सैम दुरान के मुताबिक 28 अक्टूबर की दोपहर उत्तरी समर प्रांत के पूर्वी शहर काटरमैन से 180 किलोमीटर दूर था। यह तूफान तेजी से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है, इससे 85 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

**फिलीपींस हर साल आते हैं करीब 20 तूफान**

बता दें कि फिलीपींस हर साल 20 भयंकर तूफानों का सामना करता है। पिछले साल दिसंबर में फिलीपींस में राय तूफान आया था। जिसमें करीब 208 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 4 लाख लोग प्रभावित हुए थे। वहीं, अप्रैल 2022 में यहां मेगी तूफान ने तबाही मचाई। इससे 42 लोगों की मौत हो गई और 17 हजार लोग बेघर हो गए थे।

## लंदन में बीबीसी की हिंदू विरोधी नीति के खिलाफ प्रदर्शन



**लंदन।** ब्रिटेन के राष्ट्रीय समाचार प्रसारक ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) की हिंदू विरोधी नीति के खिलाफ भारतीय मूल के हिंदू लामबंद होने लगे हैं। दर्जनों ब्रिटिश हिंदू संगठनों ने बीबीसी के कथित रूप से हिंदू विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने और हिंदूफोबिक होने के खिलाफ यहां पोर्टलैंड के बीबीसी हाउस के सामने प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ब्रिटेन में हिंदुओं ने ट्विटर पर अभियान शुरू किया था।

ब्रिटिश हिंदू संगठनों का आरोप है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लक्षित गलत सूचना को मुख्यधारा के ब्रिटिश मीडिया द गार्जियन और बीबीसी बढ़ावा देते हैं। इससे लीसेस्टर में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा मिला। इससे दशकों से बहु-सांस्कृतिक सद्भाव के लिए प्रसिद्ध लीसेस्टर की साख को बट्टा लगा। प्रदर्शन के आयोजकों का कहना है गकि बीबीसी का भारत और हिंदुओं को नकारात्मक तरीके से चित्रित करने का इतिहास पुराना है। इस प्रदर्शन के माध्यम से बीबीसी और द गार्जियन को कड़ा संदेश दिया गया है।इन दोनों मीडिया समूह ने लीसेस्टर और बर्मिंघम घटनाक्रम की सही तस्वीर प्रस्तुत नहीं की।

आयोजकों ने साफ किया है कि बीबीसी के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन सितंबर के अंत में द गार्जियन अखबार के खिलाफ हुए विरोध का अनुसरण करता है। इस विरोध के दौरान अखबार कार्यालय के बाहर तख्तियां रखी गई थीं। इनमें इस अखबार में छपे वह लेख थे जो भारत और हिंदुओं को असहिष्णु और चरमपंथी के रूप में प्रचारित करते हैं। बीबीसी की असाधारण रूप से कड़ी निंदा में प्रदर्शन से पहले आयोजकों ने बयान भी जारी किया। इसमें कहा गया - 'इस्लामवादियों द्वारा लीसेस्टर हिंदुओं पर हिंसक हमलों की बीबीसी की कवरेज अब तक देखी गई सबसे खराब रिपोर्टिंग थी और इसने जातीय रूप से शुद्ध करने के प्रयास को छिपाने में योगदान दिया है। हिंदुओं के लीसेस्टर। इन संगठनों का कहना है कि वे तब तक विरोध करने के लिए कृतसंकल्प हैं जब तक कि 'बीबीसी वैश्विक स्तर पर हिंदुओं के प्रति अमानवीयता और अमानवीयकरण को बंद नहीं कर देता। 'बीबीसी प्रोटेस्ट' के कुछ आयोजकों में जाने-माने लोग शामिल हैं। इनमें प्रमुख हैं डॉ. विवेक कौल, डॉ स्नेह एस कथूरिया, पंडित सतीश के शर्मा, नितिन मेहता और दर्शन सिंह नागी। इन प्रमुख लोगों का मानना है कि हिंदुओं का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली बीबीसी की शब्दावली अतिरंजित है। इसकी रिपोर्टिंग में भारत का वर्णन करने के लिए केवल 'डर, नफरत, हिंसा, हिंदू मुस्लिम, कश्मीर, गाय, भीड़ और विरोध' शब्द शामिल हैं। आयोजकों ने यह भी दावा किया कि लाइसेंस शुल्क देने वाले ब्रिटिश नागरिकों की बढ़ती संख्या और यहां तक कि ब्रिटिश सरकार को भी लगता है कि बीबीसी आदतन भारत और हिंदुओं पर नकली आख्यान फैला रहा है।

# अमेरिका के एक घर में लगी आग, 8 की मौत:इनमें 6 बच्चे और 2 संदिग्ध, पुलिस को मर्डर का शक

**ओक्लाहोमा।** अमेरिका के ओक्लाहोमा के एक घर में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें 6 बच्चे और दो संदिग्ध शामिल हैं। बच्चों की उम्र 1 से 13 साल के बीच है। ब्रोकन एरो पुलिस के मुताबिक, आग 4 बजे लगी। जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी ज्यादा थी की लोगों की जान नहीं बच पाई।

**मेडिकल रिपोर्ट्स के बाद होगा खुलासा**

ब्रोकन एरो फायर चीफ जेरेमी मूर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।




ये नहीं कहा जा सकता की आग लगने की वजह से ही मौतें हुई है। घटना की वजह सुसाइड या मर्डर भी हो सकती है। आग घर के पिछले कमरे में लगी। घर से बंदूकें और हथियार बरामद किए गए हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स आने के बाद कारण साफ हो पाएगा।अमेरिका में नॉर्थ कैरोलिना के रैले में फायरिंग की घटना हुई थी। हमले में एक ऑफ-ड्यूटी पुलिस ऑफिसर समेत 5 लोगों की मौत हो गई थी। दो लोग घायल हुए थे। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। रैले मेयर मैरी-एन बाल्डविन ने बताया था कि नेउज रिवर ग्रीनवे इलाके में कई लोगों पर फायरिंग की गई। 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में भी एक पुलिस ऑफिसर शामिल था।